दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 05 अप्रैल -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 102 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## बंगाल चुनाव : टीएमसी ने जारी की स्टार प्रचारकों की लिस्ट

### ममता बनर्जी, अभिषेक बनर्जी और शत्रुघ्न सिन्हा संभालेंगे कमान



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के पहले चरण के मतदान के लिए ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस ने अपने 'धुरंधरों' की सूची जारी कर दी है। पार्टी के उपाध्यक्ष सुब्रत बख्शी ने निर्वाचन आयोग को 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट सौंप दी है। इस लिस्ट में अनुभवी राजनेताओं के साथ-साथ फिल्मी सितारों और युवा चेहरों का संतुलन बनाया गया है, जो ममता बनर्जी के मिशन 2026 को सफल बनाने के लिए राज्य के कोने-कोने में हुंकार भरेंगे।

**दिग्गज और ग्लैमर का अनूठा संगम :** टीएमसी के स्टार कैंपेनर की लिस्ट में पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी खुद पहले नंबर पर हैं। उनके बाद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी हैं। सूची की खास बात यह है कि इसमें खेल और ग्लैमर के बड़े नामों को भी जगह दी गयी है।

इंटरनेशनल क्रिकेटर यूसुफ पठान और कीर्ति आजाद के साथ-साथ बांग्ला सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री रचना बनर्जी, सायंतिका बनर्जी, जून मालिया और राज चक्रवर्ती जैसे लोगों को स्टार प्रचारक बनाया गया है।

**युवा चेहरों और अनुभवी नेताओं पर दांव :** तृणमूल कांग्रेस ने अपने तेज-तर्रार युवा नेता देवांशु भट्टाचार्य को भी स्टार प्रचारक बनाया है। अनुभवी मंत्रियों और सांसदों जैसे फिरहाद हकीम, अरूप विश्वास, शत्रुघ्न सिन्हा, महुआ मोइत्रा और शताब्दी रॉय को अलग-अलग क्षेत्रों में जिम्मेदारी दी गयी है। जेल से बाहर आये अणुब्रत मंडल का नाम इस सूची में शामिल होना बड़ा राजनीतिक संकेत माना जा रहा है।

## पुलिस कमिश्नर का नया अभियान : हर थाने में होगा सीनियर सिटीजन सेल, अब घर-घर पहुंचेगी खाकी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक संवेदनशील और जनकेंद्रित बनाने की दिशा में पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने एक और महत्वपूर्ण पहल की है। इस नई पहल के तहत अब पुलिस कमिश्नरेट के सभी थानों में ह्लसीनियर सिटीजन सेलह्व का गठन किया गया है, जिससे 65 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को पुलिस से जुड़ी समस्याओं के लिए थानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य शहर के लाखों वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षा, सम्मान और त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है। इसके तहत प्रत्येक थाने में अलग से सीनियर सिटीजन सेल बनाया गया है और लिंक रोड थाने में विशेष रूप से सीनियर सिटीजन रूम भी तैयार किया गया है, जहां बुजुर्गों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा।

### अब घर-घर पहुंचेगी पुलिस, होगी जनसुनवाई




करंट क्राइम : इस नई व्यवस्था के तहत अब वरिष्ठ नागरिकों को पुलिस के पास जाने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि पुलिस स्वयं उनके घर जाकर उनकी समस्याएं सुनेगी। पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि बीट पुलिस ऑफिसर और महिला पुलिसकर्मियों की टीम को इसके लिए चिन्हित किया जाएगा, जो नियमित रूप से वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क बनाए रखेगी और उनकी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करेगी।

### हर चौकी पर बनेगा वरिष्ठ नागरिकों का रजिस्टर

करंट क्राइम : इस अभियान के तहत प्रत्येक थाना, सर्किल और चौकी स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों का विस्तृत रजिस्टर तैयार किया जाएगा। इसमें उनका नाम, आयु, पता, संपर्क नंबर और परिजनों की जानकारी दर्ज की जाएगी, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता पहुंचाई जा सके।

### जारी किया गया हेल्पलाइन नंबर

करंट क्राइम। सीनियर सिटीजन सेल के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर +91 1800 180 0060 जारी किए गया है, जिन्हें आम जनता तक व्यापक रूप से पहुंचाया जाएगा। इससे बुजुर्ग सीधे पुलिस से संपर्क कर सकेंगे और उन्हें त्वरित सहायता मिल सकेगी।

इस पहल को गाजियाबाद पुलिस की ह्लस्मार्ट और संवेदनशील पुलिसिंगह्व की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है, जो न सिर्फ सुरक्षा बढ़ाएगा बल्कि समाज में पुलिस के प्रति भरोसा भी मजबूत करेगा।

## ओमप्रकाश राजभर के खिलाफ अमर्यादित बयान पर सख्त कार्रवाई हो : राम अवतार जिंदल

### सुभासपा व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार जिंदल ने सपा नेता पर जताया कड़ा विरोध, कहा- लोकतंत्र में भाषा मर्यादा अनिवार्य





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुभासपा (सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी) के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार जिंदल ने सपा नेता ओम यादव द्वारा कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के खिलाफ की गई आपत्तिजनक और धमकीपूर्ण टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अमर्यादित भाषा न केवल एक वरिष्ठ नेता का अपमान है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के भी खिलाफ है।

राम अवतार जिंदल ने अपने बयान में कहा कि ओमप्रकाश राजभर जैसे जनप्रतिनिधि के प्रति हिंसा की बात करना अत्यंत गंभीर मामला है और ऐसे कृत्य पर कानून के तहत सख्त कार्रवाई होना आवश्यक है। उन्होंने एसी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज होने को न्यायसंगत कदम बताते हुए कहा कि कानून सबके लिए समान है और किसी को भी मयार्दा लांघने की छूट नहीं दी जा सकती।

उन्होंने आगे कहा कि राजनीति में विचारों का मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन भाषा और आचरण की मयार्दा बनाए रखना हर जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है। समाज में गलत संदेश देने वाले ऐसे बयानों का सभी को मिलकर विरोध करना चाहिए।

राम अवतार जिंदल ने स्पष्ट कहा कि सुभासपा इस तरह की सोच और व्यवहार को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करती और भविष्य में भी ऐसे मामलों पर कड़ा रुख अपनाया जाएगा।

## महर्षि कश्यप जयंती : आज घंटा घर रामलीला मैदान के इन मार्गों पर बदलेगा ट्रैफिक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर में आज आयोजित होने वाले भगवान महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषाद राज गुह जन्मोत्सव महाकुंभ को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन की विस्तृत योजना लागू कर दी है। थाना कोतवाली क्षेत्र के रामलीला मैदान में होने वाले इस बड़े आयोजन के चलते शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार यह रूट डायवर्जन सुबह 9 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान खासतौर पर व्यावसायिक वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया जाएगा, ताकि कार्यक्रम स्थल के आसपास जाम और अव्यवस्था की स्थिति न बने।

इन रूट्स पर रहेगा डायवर्जन (नो एंट्री लागू) : चौधरी मोड़ से घंटाघर की ओर जाने वाला मार्ग। इस रूट पर सभी प्रकार के भारी, मध्यम और हल्के कमर्शियल वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। हापुड़ तिराहा से चौधरी मोड़ की ओर जाने वाला रास्ता, यहां भी व्यावसायिक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी

**ट्रैफिक पुलिस की चेतावनी :** पुलिस का कहना है कि कार्यक्रम के चलते रामलीला मैदान और आसपास के क्षेत्रों में भारी भीड़ रहने की संभावना है। ऐसे में अनावश्यक रूप से इन मार्गों पर न जाएं। समय से पहले यात्रा की योजना बनाएं। वैकल्पिक रूट का ही इस्तेमाल करें।

### ट्रैफिक पुलिस ने जारी किया ट्रैफिक एडवाइजरी प्लान

#### रूट डायवर्जन : इन रास्तों से करें आवागमन




**चौधरी मोड़ की ओर से आने वाले वाहन**

→ चौधरी मोड़ से डायवर्ट होकर अंबेडकर रोड → पुराना बस अड्डा → हापुड़ तिराहा होते हुए अपने गंतव्य तक जाएंगे।

**हापुड़ तिराहा की ओर से आने वाले वाहन**

→ हापुड़ तिराहा → पुराना बस अड्डा → अंबेडकर रोड → चौधरी मोड़ के रास्ते आगे बढ़ेंगे।

ट्रैफिक पुलिस ने इन वैकल्पिक मार्गों को इस तरह से तय किया है कि शहर के अंदर यातायात का दबाव संतुलित बना रहे और लोगों को कम से कम परेशानी हो।

### सड़क पर रहेगी सख्ती, तैनात रहेगा अतिरिक्त बल

करंट क्राइम। डायवर्जन को प्रभावी बनाने के लिए प्रमुख चौराहों और तिराहों पर ट्रैफिक पुलिस तैनात रहेगी। पुलिस कर्मी लगातार मॉनिटरिंग करेंगे और जरूरत के अनुसार मौके पर ही यातायात को नियंत्रित करेंगे। पुलिस उपायुक्त (यातायात), कमिश्नरेट गाजियाबाद ने नागरिकों से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, पुलिस का सहयोग करें और निर्धारित रूट डायवर्जन का ही पालन करें, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।




05 April -26 page 2 04-04-2026 10:01 PM Page 1





# पीएम मोदी ने केरल में भरी सियासी हुंकार कहा- कांग्रेस और लेफ्ट से सावधान रहने की जरूरत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केरल में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'हमारे केरलम को ईश्वर ने अपार संसाधन और संभावनाएं दी हैं। यहां समंदर में ब्लू इकोनॉमी के असीम अवसर हैं। यहां उद्योगों के लिए संभावनाएं हैं। पर्यटन के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं, लेकिन केरल बाकी राज्यों से लगातार पीछे होता जा रहा है।'

पीएम मोदी ने आगे कहा कि राज्य में इस बार माहौल बदल चुका है और जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल को मतदान के बाद 4 मई को एनडीए सरकार बनने जा रही है। उन्होंने महिलाओं के समर्थन को अपनी ताकत बताते हुए कहा कि राज्यभर में एनडीए के पक्ष में माहौल दिख रहा है। उन्होंने उम्मीदवार अनुप को समर्पित और मेहनती बताते हुए जनता से समर्थन की अपील की। रैली के दौरान उन्होंने सबरीमाला और भगवान अयप्पा का भी उल्लेख किया गया और इसे सांस्कृतिक जुड़ाव से जोड़ा। इसके साथ ही पीएम मोदी ने यह भी बोले कि केरल के लोगों को कांग्रेस और लेफ्ट से सावधान रहने की जरूरत है।

### चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के लिए वोट की अपील

केरल में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि इस चुनाव में केरल को फायदा होगा, भले ही उन्हें खुद व्यक्तिगत रूप से कुछ नुकसान उठाना पड़े। उन्होंने कहा कि एनडीए उम्मीदवार अनूप पिछले पांच वर्षों से उनके साथ पूरी मेहनत और समर्पण के साथ काम कर रहे हैं। वह शांत, ईमानदार और दिन-रात काम करने वाले कार्यकर्ता हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल को ऐसे युवा नेता की जरूरत है और आज वह अनूप को जनता के हवाले कर रहे हैं ताकि वह लोगों की सेवा कर सकें।

### बुनियादी सुविधाओं पर क्या बोले पीएम मोदी?

कहा कि रैली में आने के दौरान पूरे रास्ते लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। वाम दल जहां मानव श्रृंखला की बात करते हैं, वहीं केरल की जनता ने एनडीए के समर्थन में मानव दीवार खड़ी कर दी है। प्रधानमंत्री ने एलडीएफ और यूडीएफ सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि इन सरकारों ने इस क्षेत्र की लंबे समय तक अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि यहां की सड़कें खराब हालत में हैं, वर्षों से नए पुल नहीं बने हैं और मेडिकल कॉलेज की स्थिति भी चिंताजनक है। बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण लोगों की जीवन गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ा है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने हाल ही में मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत केरल के भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत की थी। इस दौरान 5000 शक्ति केंद्रों से 1.25 लाख से ज्यादा कार्यकर्ता जुड़े। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं का एक ही संदेश था कि केरल की जनता अब एलडीएफ सरकार को हटाने का मन बना चुकी है।

### केरल के फंड पर क्या बोले प्रधानमंत्री?

उन्होंने कहा कि जब एलडीएफ और यूडीएफ केंद्र में सत्ता में थे, तब केरल को कम फंड मिलता था। लेकिन मोदी सरकार में राज्य को पांच गुना ज्यादा फंड दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के राज्यों में, जहां बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय रहता है, वहां एनडीए की सरकारें बनी हैं और विकास कार्य हुए हैं। गोवा का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां भी सरकार लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि केरल में एनडीए सरकार बनेगी, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा और मछुआरों समेत स्थानीय समुदायों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# पश्चिम एशिया तनाव का असर: भारत में बोतलबंद पानी महंगा होने की आशंका, आपूर्ति बाधित होने से उद्योग पर दबाव

**नई दिल्ली।** भारत में जहां एक ओर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की चेतावनी है, वहीं दूसरी ओर पश्चिम एशिया में अमेरिकाझ इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब आम उपभोक्ताओं तक पहुंचने लगा है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और आपूर्ति बाधित होने से देश का लगभग 6 अरब डॉलर का बोतलबंद पानी उद्योग दबाव में है, जिससे आने वाले दिनों में कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका बढ़ गई है।

भारत में अप्रैल और मई के महीनों में पानी और ठंडे पेय पदार्थों की मांग चरम पर होती है। ऐसे समय में साफ पेयजल की कमी, भूजल प्रदूषण और बुनियादी ढांचे की खामियों के कारण बड़ी आबादी बोतलबंद पानी पर निर्भर रहती है। डेटा फॉर इंडिया के अध्ययन के अनुसार शहरी क्षेत्रों के लगभग 15% और ग्रामीण क्षेत्रों के 6% परिवार पीने के लिए पैकेज्ड पानी का उपयोग करते हैं। पश्चिम एशिया में तनाव के चलते स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से तेल और



तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

केमको प्लास्टिक इंडस्ट्रीज के निदेशक वैभव सराओगी का कहना है कि पीईटी प्रीफॉर्म की कीमतों में वृद्धि का असर केवल बोतलबंद पानी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे पैकेजिंग उद्योग को प्रभावित करेगा। उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि कंपनियों के लिए लंबे समय तक लागत को खुद वहन करना संभव नहीं होगा। यदि कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं और आपूर्ति बाधित रहती है तो आने वाले हफ्तों में बोतलबंद पानी सहित अन्य पेय पदार्थों की कीमतों में वृद्धि तय मानी जा रही है, जिसका सीधा असर उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।

### महाराष्ट्र में 20% इकाइयों में उत्पादन बंद

महाराष्ट्र बोतलबंद पानी निमार्ता संघ के अध्यक्ष विजय सिंह दुब्बल के अनुसार पीईटी प्रीफॉर्म जिनसे प्लास्टिक बोतलें बनाई जाती हैं, उनकी कीमत 115 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर लगभग 180 रुपये हो गई है और बाजार में इनकी कमी भी देखी जा रही है। कच्चे माल की बढ़ती लागत और आपूर्ति संकट के कारण महाराष्ट्र में लगभग 20% बोतल निर्माण इकाइयों ने अस्थायी रूप से संचालन बंद कर दिया है।

भारत, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है, इस दबाव को सीधे महसूस कर रहा है। बोतलबंद पानी की कीमतों पर सबसे बड़ा असर प्लास्टिक पैकेजिंग की लागत बढ़ने से पड़ रहा है। कच्चे तेल से बनने वाले पीईटी (पॉलीएथिलीन टेरेफ्थेलेट) रेजिन की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है।

# केरल में सियासी भूचाल: माकपा के बागी सुधाकरण ने राहुल गांधी संग साझा किया मंच, सीएम विजयन को बताया 'छोटा नेता'

**नई दिल्ली।** केरल की सियासत में इन दिनों वह हो रहा है जो फिल्मों में होता है! वामपंथ के सबसे मजबूत किलों में से एक अलप्पुझा में कुछ ऐसा हुआ है, जिसकी गूंज तिरुवनंतपुरम के सत्ता के गलियारों तक बहुत जोर से सुनाई दे रही है। दरअसल, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआईएम) के कद्दावर नेता जी सुधाकरण ने बगावत की लाल झंडी उठा ली है। उन्होंने सीधे मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

हालांकि, इसमें अब तक की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि दशकों तक कम्युनिस्ट विचारधारा को जीने वाले सुधाकरण ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मंच साझा किया।

### विजयन पर बरसे सुधाकरण

जी सुधाकरण ने कहा कि मैंने



कम्युनिस्ट पार्टी में 63 साल गुजारे हैं। जब मैं 15 साल का था, तब पार्टी से जुड़ा था। मेरा अपना एक लंबा राजनीतिक इतिहास है। उन्होंने कहा कि 1967 के दौर में जब वह खुद जमीन पर काम कर रहे थे, तब विजयन को त्रावणकोर और दक्षिण केरल में कोई जानता तक नहीं था। वह सिर्फ मालाबार के थालास्सेरी तक ही सीमित थे।

राहुल गांधी ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने मंच से सुधाकरण का गर्मजोशी से स्वागत किया। राहुल ने कहा कि आज वामपंथ अपनी विचारधारा खो चुका है और उसकी बुनियाद कमजोर हो गई है। यही वजह है कि सुधाकरण जैसे कद्दावर और सच्चे नेताओं को कांग्रेस और यूडीएफ के साथ आना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि 2021 के विधानसभा चुनाव में माकपा ने सुधाकरण को किनारे कर दिया था, जिसके बाद से वह शांत बैठे थे। लेकिन इस बार चुनाव से ठीक पहले उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान कर दिया। कांग्रेस की अगुवाई वाले गठबंधन यूडीएफ ने तुरंत उन्हें अपना समर्थन दे दिया, जिससे अलप्पुझा की लड़ाई अब बेहद रोमांचक हो गई है।

### भावुक होकर किया 'शहीद' भाई को याद

सुधाकरण सिर्फ राजनीतिक हमले तक ही सीमित नहीं रहे। उन्होंने एक बेहद भावुक मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि विजयन के नेतृत्व वाली माकपा ने उनके शहीद भाई की कानूनी लड़ाई में भी परिवार का साथ नहीं दिया। उन्हें अपने भाई के लिए न्याय की लड़ाई अकेले अपने पैसों के दम पर लड़नी पड़ी।

# शशि थरूर ने हमले को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

## बोले- प्रचार नहीं रुकेगा, संदेश जनता तक पहुंचेगा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपने काफिले पर रात हुए हमले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि यह ऐसा एकल घटना है जिसे उन्होंने पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनावी प्रचार अभियान बिना किसी रुकावट के जारी रहेगा।

थरूर ने कहा यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी और कभी नहीं होनी चाहिए थी। मैं पिछले 15-16 दिन से यात्रा कर रहा हूं और यह सिर्फ एक ही घटना है। हमने इसे पीछे छोड़ दिया है और आगे बढ़ रहे हैं। प्रचार अभियान के चार दिन और बचे हैं, हम अपनी

> "हमारे लिए 100 सीटें आदर्श होंगी, लेकिन जब तक हमारे पास बहुमत है, हम राज्य के भविष्य में बदलाव ला सकते हैं। हमें एक सभ्य बहुमत चाहिए।
>
> शशि थरूर
> कांग्रेस सांसद

रणनीति नहीं बदलेंगे। हम वहां यात्रा करेंगे, जहां जाना है और जनता तक अपना संदेश पहुंचाएंगे। सांसद ने अपने सुरक्षा कर्मी की भी तारीफ की और कहा कि उनके गनमैन ने चोटें झेली, जो केरल पुलिस द्वारा नियुक्त थे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस आवश्यक कार्रवाई करेगी।

चुनावी स्थिति पर बात करते हुए थरूर ने कहा हमारे लिए 100 सीटें आदर्श होंगी, लेकिन जब तक हमारे पास बहुमत है, हम राज्य के भविष्य में बदलाव ला सकते हैं। हमें एक सभ्य बहुमत चाहिए। विपक्ष में एक ताकत है जो हमारे प्रयासों को रोक सकती है। हम सार्थक बदलाव लाना चाहते हैं, इसलिए हम मतदाताओं से अच्छे बहुमत की उम्मीद कर रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक, यह घटना शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे वांडूर के तिरुवाली के पास चेल्लीथोडे इलाके में हुई। उस समय थरूर कांग्रेस नेता एपी अनिलकुमार के चुनाव प्रचार कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। वांडूर पुलिस ने बताया कि सांसद के गनमैन रतीश केपी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर के अनुसार, आरोपियों का एक पांच सदस्यीय समूह दो वाहनों में सवार होकर आया और उन्होंने सांसद के काफिले की गाड़ी को रास्ते में रोक लिया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जिस स्थान पर घटना हुई वह सड़क काफी संकरी है। गनमैन ने केवल आगे चल रहे वाहन से काफिले को रास्ता देने के लिए थोड़ा तेज चलने का अनुरोध किया था। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और जब गनमैन ने रास्ता साफ कराने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उस पर और ड्राइवर पर कथित तौर पर हमला कर दिया। घटना के बाद पुलिस और स्थानीय प्रशासन हरकत में आए। देर रात एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया, जबकि बाकी आरोपियों की पहचान कर ली गई है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और घटना के पीछे के कारणों की विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

# जनगणना: आबादी की गिनती राजा-प्रजा के बीच सेतु बनी, सशक्त शासन प्रणाली की नींव पड़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनगणना कभी भी परंपराओं में जकड़ी नहीं रही है। बदलते समय व उसकी नई आवश्यकताओं के हिसाब से जनगणना के तौर तरीकों में बदलाव किए गए। चाणक्य ने मौर्य साम्राज्य के वक्त (321-296 ईसा पूर्व) अपने प्रसिद्ध ग्रंथ अर्थशास्त्र, में शासन व्यवस्था में जनगणना व कर प्रणाली का वर्णन किया है। मुगलकाल में आइने-अकबरी ग्रंथ में अकबर के शासनकाल के दौरान जनसंख्या, उद्योग, संपत्ति आदि का उल्लेख है। उस वक्त भूमि, जनसंख्या, अकाल आदि से संबंधित विस्तृत अभिलेख तैयार किये जाते थे। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान नियमित और व्यवस्थित रूप से जनगणना कराने की परंपरा शुरू हुई।



### 1891 में महिलाओं की शिक्षा पर पहली बार सवाल

आयु, लिंग, वैवाहिक स्थिति, जन्म-मृत्यु आंकड़े, महिला शिक्षा, भाषा, प्रवासन, रोजगार आदि की जानकारी 1891 की जनगणना में ली गई। इसमें सिक्किम, उत्तरी म्यांमार, वन क्षेत्र, पहाड़ी क्षेत्र, रेलवे प्रतिष्ठान, छावनियाँ और जल-आधारित आबादी को शामिल किया गया। 1901 की जनगणना 1 मार्च को हुई। बंगाल विभाजन का देश में व्यापक विरोध हुआ। बाद में 1912 में इस विभाजन को समाप्त कर दिया गया। इस कारण 1911 की जनगणना का फील्डवर्क अस्थायी प्रशासनिक सीमाओं के आधार पर हुआ। जनगणना दस्तावेजों का विभिन्न स्थानीय भाषाओं में अनुवाद किया गया।

### रक्षा, राजस्व और कर संग्रह का महत्व अंग्रेजों ने समझा

ब्रिटिश शासन ने रक्षा, राजस्व , व्यापार , सेवाओं और करों के संग्रह के लिए जनगणना का महत्व समझा और व्यवस्थित रूप से जनगणना कराने की परंपरा शुरू की। अंग्रेजों ने अलग अलग वक्त में कलकत्ता (1800), इलाहाबाद (1824), बनारस शहर (1827-28) और ढाका (1830) में जनगणना कराई। इसमें लिंग आयु, मकानों और संरचनाओं, किरायेदार के अलावा जाति-व्यवसायों की जानकारी ली गई।

### देश में कभी लिंगानुपात था 100 पुरुषों पर 105 महिलाएं

1872 की जनगणना को हालांकि ब्रिटिश शासन के अंतर्गत भारत की पहली आधुनिक जनगणना माना जाता है, लेकिन इस जनगणना में अंग्रेजों के कब्जे वाले या नियंत्रित सभी क्षेत्र शामिल नहीं हो पाए। 1871-72 के आंकड़ों के अनुसार भारत में उस वक्त लिंगानुपात 100 पुरुषों पर 105 महिलाएं थीं। यह असम, बंगाल, मैसूर और मद्रास में देखा गया।

### 17 फरवरी 1881 को पूरे देश में एक साथ जनगणना

1881 की जनगणना भारत की पहली ऐसी जनगणना थी जो पूरे देश में एक साथ कराई गई। 17 फरवरी 1881 को जनगणना दिवस घोषित करते हुए शाम से मध्यरात्रि तक डाटा संग्रह किया गया। इसमें 11 ब्रिटिश प्रांत और 7 रियासतें थीं। इसमें पहली बार भाषा संबंधी सवाल भी पूछे गए। उस वक्त फ्रांसीसी और पुर्तगाली क्षेत्रों में जनगणना नहीं हुई।

### पूरे भारत में एक ही रात में जनगणना

जनगणना के इतिहास में 1921 की जनगणना खासी अहम रही। 18 मार्च 1921 को पूरे भारत में एक ही रात में जनगणना की गई। इस समय जनगणना रजिस्टर की शुरूआत की गई। गैर-नगरपालिका नगरों की सूची पहले से ही व्यापार, वाणिज्य और औद्योगिक स्थिति के आधार पर तैयार की गई थी। वैसे तो शुरू से ही जनगणना में जाति व धर्म संबंधी सवाल होते रहे हैं। 26 फरवरी 1931 को हुई जनगणना में आए आंकड़े अंतिम जातीय आंकड़े बन गए। 1941 की जनगणना के जाति आंकड़े सार्वजनिक नहीं हुए और आजादी के बाद जातिगत जनगणना बंद हो गई।

# युद्ध प्रभावित क्षेत्रों को 2.5 लाख करोड़ तक की कर्ज गारंटी, सरकार जल्द कर सकती है योजना की घोषणा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों को राहत देने के लिए नई कर्ज गारंटी योजना लाने की तैयारी कर रही है। इस योजना का मकसद खासतौर पर उन कंपनियों को आसानी से कर्ज उपलब्ध कराना है, जो आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियों के साथ कच्चे माल और लॉजिस्टिक खर्च की बढ़ती लागत से परेशान हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, नई योजना के तहत सरकार दो से 2.5 लाख करोड़ रुपये तक की कर्ज गारंटी दे सकती है। यह कोविड महामारी के दौरान शुरू की गई आपातकालीन कर्ज गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के मॉडल पर आधारित होगी। वित्तीय सेवा विभाग इस योजना पर काम रहा है। माना जा रहा है कि सरकार अगले 15 दिनों के भीतर इसकी आधिकारिक घोषणा कर सकती है।

सूत्रों के मुताबिक, इस राहत पैकेज का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट की




वजह से जो क्षेत्र चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उन्हें नकदी की कमी न हो और वे अपना कारोबार चालू रख सकें। योजना के तहत उन कंपनियों को सरकार की गारंटी पर कर्ज मिलेगा।

सूत्रों ने कहा, इस योजना का मकसद कंपनियों को भरोसा देना है, ताकि वे अनिश्चित माहौल में भी काम जारी रख सकें। हालात अभी ज्यादा खराब नहीं हैं, लेकिन सरकार पहले से तैयारी कर रही है, ताकि अर्थव्यवस्था पर अधिक दबाव न पड़े। सरकार प्रभावित क्षेत्रों से संपर्क कर यह जानने की कोशिश कर रही है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उनके उत्पादन पर कितना असर पड़ रहा है।

सूत्रों ने कहा, ईरान युद्ध का सीधा असर लघु, सूक्ष्म एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) और निर्यात पर पड़ा है। निर्यात से जुड़े क्षेत्र आवाजाही में रुकावट और बढ़ते मालभाड़े की वजह से दबाव में हैं। एमएसएमई क्षेत्र भी इससे बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, जो ब्याज दरों के प्रति काफी संवेदनशील होते हैं और जिनकी कार्यप्रणाली स्थिर नकदी प्रवाह पर निर्भर करती है।

कोविड काल के दौरान शुरू की गई आपातकालीन कर्ज गारंटी योजना ने लाखों कर्जदारों की मदद की थी और महामारी के दौरान खासतौर पर एमएसएमई क्षेत्र को स्थिर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई थी। ईसीएलजीएस के तहत अब तक 1.19 करोड़ लाभार्थियों को 3.62 लाख करोड़ रुपये की कर्ज गारंटी दी जा चुकी है। एमएसएमई क्षेत्र इसका सबसे बड़ा लाभार्थी रहा।

# डीपफेक वीडियो के खिलाफ पुलिस पहुंचीं कुंकी चौधरी, भाजपा पर लगाया साजिश का आरोप

**नई दिल्ली।** असम की गुवाहाटी सेंट्रल सीट से एजेपी की युवा उम्मीदवार कुंकी चौधरी ने अपने और अपनी मां के खिलाफ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे फर्जी वीडियो को लेकर पुलिस में मामला दर्ज कराया है। यह पूरा विवाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की ओर से कुंकी की मां पर विवादित पोस्ट और पाकिस्तान का समर्थन करने के आरोपों के बाद शुरू हुआ।

असम में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। गुवाहाटी सेंट्रल सीट से चुनाव लड़ रहीं असम जातीय परिषद (एजेपी) की युवा उम्मीदवार कुंकी चौधरी ने अपने और अपने परिवार के खिलाफ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 'डीपफेक' यानी फर्जी वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। कुंकी का कहना है कि ये वीडियो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से उनकी छवि खराब करने के लिए बनाए गए हैं।

सीएम सरमा के बयान पर विवाद

पिछले दिनों असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कुंकी चौधरी



की मां सुजाता गुरुंग चौधरी पर बेहद गंभीर आरोप लगाए। मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि कुंकी की मां ने सोशल मीडिया पर 'बीफ' खाने से जुड़ी पोस्ट शेयर की थीं, जिससे 'सनातनी' लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल होने लगा।

### शिकायत में क्या-क्या कहा गया?

कुंकी चौधरी ने पुलिस शिकायत में साफ कहा है कि ये वीडियो पूरी तरह से फर्जी और बदले हुए हैं। उन्होंने कहा कि ये वीडियो मेरी छवि, गरिमा और मेरे चुनावी भविष्य को नुकसान पहुंचाने के इरादे से फैलाए जा रहे हैं। इसमें एआई और डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। हद तो तब हो गई जब साजिशकर्ताओं ने मेरी मां को भी इसमें घसीट लिया। समाज में हमारी प्रतिष्ठा को धूमिल करने की कोशिश की गई है। कुंकी ने पुलिस से इस मामले में तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ उनके सम्मान की बात नहीं है, बल्कि चुनाव में गलत तरीके से जनता को गुमराह करने और एआई का दुरुपयोग करके लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने की कोशिश है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने शिकायत दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# विधानसभा चुनाव के बीच सीआरपीएफ जवानों की छुट्टियां रद्द, फौरन ड्यूटी पर लौटने का आदेश

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ' में जवानों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। बल मुख्यालय से जारी आदेश में कहा गया है कि यह निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में निर्धारित संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती की जा सके। छुट्टी पर गए जवानों से कहा गया है कि वे फौरन अपनी ड्यूटी पर वापस लौटें। उन्हें अपनी बटालियन या पूर्व तैनाती वाली जगह पर नहीं, बल्कि सीधे वहां रिपोर्ट करना है, जहां उनकी कंपनी को चुनाव में भेजा गया है। इस पहले चुनावी ड्यूटी के कारण, 'समर चेन ट्रांसफर' पर भी रोक लगाई गई थी।

सीआरपीएफ महानिदेशालय द्वारा दो अप्रैल को जारी आदेशों में कहा गया है कि छुट्टी से वापस लौटने का आदेश (कोबरा को छोड़कर) बल के सभी सेक्टरों के लिए जारी हुआ है। सभी जोन और फोरमेशन (महानिदेशालय को छोड़कर) भी उक्त आदेश के दायरे में आएंगे। आदेश में कहा गया है कि अप्रैल और मई में पांच राज्यों असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में बड़े पैमाने पर हो रही केंद्रीय बलों की तैनाती के मद्देनजर जवानों को छुट्टी से वापस बुलाया जा रहा है।

सीएपीएफ के पूर्व कार्मिकों का कहना है कि उन्हें छुट्टी रद्द करने का कोई कारण समझ नहीं आ रहा। एक तो जवानों को बड़ी मुश्किल से छुट्टियाँ मिलती हैं और अब उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। बल में सौ दिन की छुट्टियों का वादा




अभी तक पूरा नहीं हो सका। इस तरह छुट्टी रद्द करना, ये आदेश उसी वक्त जारी किए जाते हैं, जब देश में युद्ध की स्थिति हो या कोई बड़ी प्राकृतिक आपदा आई हो।

### कार्मिकों की नई छुट्टी मंजूर न की जाए

महानिदेशालय की तरफ से कहा गया है कि चुनाव संपन्न होने तक कोई नई छुट्टी स्वीकृत नहीं की जाएगी। केवल आपातकालीन स्थिति में ही छुट्टी मिलेगी। सीआरपीएफ में लगातार दूसरे साल 'समर चेन ट्रांसफर' पर रोक लगाई गई है। पिछले साल मई में 'ऑपरेशन सिंदूर' के चलते तबादलों पर रोक लगाई गई थी। इस बार पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के कारण 3.25 लाख की संख्या वाले बल 'सीआरपीएफ' में ट्रांसफर प्रक्रिया को 15 मई तक स्थगित किया गया है। जितने भी कार्मिकों या एग्जीक्यूटिव अधिकारियों का तबादला हुआ है, उन्हें रिलीव करने पर रोक लगा दी गई है। ये आदेश मार्च के तीसरे सप्ताह में जारी किए गए थे। उनमें कहा गया है कि सीआरपीएफ के ऐसे अधिकारी और कर्मचारी, जो उक्त आदेश के जारी होने तक अपनी वर्तमान पोस्टिंग से रिलीव नहीं हुए थे, उन्हें आगामी आदेशों तक अपने पहले वाले स्थान पर ही रहने के लिए कहा गया है।

### तीन लाख से अधिक जवानों की तैनाती

पांच राज्यों के चुनाव में इस बार अधिक संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती की जा रही है। तीन लाख से अधिक जवानों को चुनावी ड्यूटी पर भेजा गया है। केंद्रीय बलों की सबसे ज्यादा तैनाती पश्चिम बंगाल में की गई है। वहां पर केंद्रीय बलों की 2400 कंपनियां तैनात की जा रही हैं। राज्य में वोटों की गिनती के बाद भी केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। यह निर्णय इसलिए लिया गया है कि चुनावी नतीजों के बाद वहां पर किसी तरह की कोई हिंसात्मक घटना न हो। पश्चिम बंगाल में चार मई को नतीजे आएंगे। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के अलावा राज्य सशस्त्र पुलिस और इंडिया रिजर्व बटालियनों को भी चुनावी राज्यों में लगाया गया है।


### फरवरी में शुरू हो गई थी तैनाती ...

बता दें कि चुनावी राज्यों में केंद्रीय बलों की तैनाती की प्रक्रिया फरवरी में शुरू हो गई थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 480 कंपनियों की तैनाती का आदेश जारी किया था। इसमें सीआरपीएफ की 230, बीएसएफ की 120, सीआईएसएफ की 37, आईटीबीपी की 47 और एसएसबी की 46 कंपनियों की रवानगी की गई। मार्च के तीसरे सप्ताह में निर्वाचन आयोग ने केंद्रीय बलों की अतिरिक्त 1920 कंपनियां भेजने का आदेश दिया। ये कंपनियां, चुनाव के चरणों के मुताबिक, संबंधित राज्यों में पहुंचेंगी। चुनाव के पहले, दूसरे और तीसरे चरण में करीब 900 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। बंगाल में 200 कंपनियां स्ट्रांग रूम और काउंटिंग सेंटरों पर तैनात होंगी। इसके अलावा 500 कंपनियां, नतीजों के बाद भी वहीं रहेंगी। ये कंपनियां, कानून व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग देंगी।

05 April -26 page 3 04-04-26 10:22 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 05 अप्रैल -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम | ट्वीट का करंट




## भाजपा पार्षद ने सुनाई सीवर ओवर फ्लो की कहानी, बोले- लोग हैं परेशान क्योंकि गलियों में भरा है गंदा पानी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड की समस्या के लिए लोग अगर विधायक या सांसद के पास जाते हैं तो उन्हें कहा जाता है कि वो अपने क्षेत्र के पार्षद को बतायें। लेकिन कई बार ऐसी समस्यायें होती है कि लोग पार्षद से शिकायत करते हैं, पार्षद इसके लिए अपने स्तर पर प्रयास करते हैं लेकिन समाधान नहीं मिलता। सरकारें बदलती हैं, पार्षद बदलते हैं लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता है। मामला डीएलएफ कालोनी नगर निगम वार्ड 10 का है। यहां लोग सीवर ओवरफ्लो की समस्या से जूझ रहे हैं। बताया जाता है कि ये समस्या बीस वर्षों से बनी हुई है। मामला कैबिनेट से लेकर मेयर और डीएम से लेकर नगरायुक्त तक पहुंचा है। बताते हैं कि नगरायुक्त के इंटरफेयर के बाद जलनिगम और वबाग कंपनी के अधिकारियों का काफिला डीएलएफ पहुंचा। डीएलएफ कालोनी में सीवर निकासी और बरसाती नालियों के गंदे पानी की निकासी हेतू अस्थायी तौर पर तीन सीवर पम्प लगाये गये थे। सीवर व नालियों का गंदा पानी अलग अलग पम्प पर ईक्टठा होकर पम्पों के माध्यम से आगे बढाया जाता है। लेकिन अब समस्या ये है कि ये पम्प ही हर महीने एक एक हफ्ते खराब पड़ें रहते हैं। नतीजा ये है कि लोगों के घरों में सीवर का गंदा पानी भरा रहता है बरसात के दिनों में स्थिति और भी विकट हो जाती है। गलियों में दो फुट तक सीवर का पानी भरा होने के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों तथा पैदल आवागमन करने वाले लोगों के लिए रास्ता बंद हो जाता है। सीवर का पानी घरों से निकाले के लिए ट्रैक्टर पम्पो द्वारा निकलवाना पड़ता है। शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया। पार्षद रेखा गोस्वामी ने लगातार प्रयास किये ओर अब उन्होंनें इस मामले को लेकर फिर से गुहार लगायी है और उनका कहना है कि प्रशासन लोगों की परेशानी को समझे ओर सीवर ओवर फ्लो से होने वाले संकट का समधान कराया जाये।

## सोर्स से मिल गया है पद तो ना रखें मन में किसी बात का वहम और गुमान

### हनुमान जी अपनी जगह मगर जरूरी हैं पार्टी के ये आयाम

**सूत्र बताते हैं कि स्थापना दिवस को लेकर एक्सटैंशन वाले क्षेत्र में बैठक हो रही थी। संगठन माननीय जी की दूरदृष्टि है और उन्होंने एक निगाह में देख लिया कि नदियापार के जिन गुर्जर चेहरे को टीम में लिया गया है वो मौजूद नहीं है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** फूल वालों के यहां आयाम वाला सिलसिला शुरू हो गया है। रैली की भागदौड़ से फ्री होकर अब स्थापना दिवस की तैयारी हो रही है। गाजियाबाद की टीम ने रैली में अपना शत प्रतिशत योगदान दिया और एक साफ स्कोर के साथ जेवर से लौटे हैं। बसें भी भरकर गयी और सब अनुशासित भी रहे हैं। अनुशासन का पाठ जेवर रैली से पहले ही पढ़ाया गया था। इसलिए हर बस में एक होमगार्ड बिठाया गया था। लेकिन जब कोई अनुशासन वाले रूल को ब्रेक करता है तो फिर पार्टी के संगठन माननीय जी का भी मूड ऑफ हो जाता है। सूत्र बताते हैं कि स्थापना दिवस को लेकर एक्सटैंशन वाले क्षेत्र में बैठक हो रही थी। संगठन माननीय जी की दूरदृष्टि है और उन्होंने एक निगाह में देख लिया कि नदियापार के जिन गुर्जर चेहरे को टीम में लिया गया है वो मौजूद नहीं है। जब संगठन वाले माननीय जी के निर्देश पर एक महामंत्री ने उन्हें फोन मिलाया तो उनकाफोन स्विच ऑफ आया। बस इसी बात पर संगठन वाले माननीय जी का मूड ऑफ हो गया। ईधर मूड ऑफ हुआ और उनकी जुबान पर कई बातों के लिए माईकॉन हो गया । काम देख रहे हैं तो ये तनाव भी स्वभाविक है। पता चला कि अब माईक उनके हाथ में आया तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि हनुमान जी भी जरूरी हैं लेकिन पार्टी के आयाम भी जरूरी हैं। ये बात उनकी जुबान पर तब आयी जब उन्हें बताया गया कि जिन पदाधिकारी का फोन स्विच ऑफ आ रहा है वो तो मरघट वाले बाबा के यहां दिल्ली में हाजरी दे रहे हैं। अब संगठन वालों ने राम जी को कुछ नहीं कहा, हनुमान जी को कुछ नहीं कहा लेकिन आयाम को लेकर भगवा देवतुल्य और गुर्जर पदाधिकारी को नसीहत याद दिला दी। बिना नाम लिये उन्होंने सबको संदेश दिया कि पूजा पाठ भी जरूरी है लेकिन काम भी जरूरी है।

इसके बाद उन्होंने नाम नही लिया लेकिन कहा कि सोर्स से पद तो मिल जायेगा लेकिन सोच रहे हो कि बिना काम क काम चल जायेगा तो ऐसा नहीं होगा। सोर्स से पद मिला है लेकिन पार्टी के आयाम वाला कोर्स पूरा करना होगा। कोई किसी वहम मे ना रहे और समझ लें कि ये संगठन के काम हैं और जरूरी हैं। संगठन वाली बैठक में फिर राम जी भी आ गये, हनुमान जी भी आ गये, आयाम भी आ गये और काम के साथ साथ ये बता दिया गया कि कर्म ही पूजा है और पार्टी का काम छोड़कर पूजा वाला काम नहीं चलेगा।

## पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से नीचे गिरी अनियंत्रित कार सूचना पर 10 मिनट में पहुंची पुलिस, बचाई जान

**मुरादनगर, करंट क्राइम ।** मुरादनगर के व्हिंग गांव के पास हादसा हो गया। जब चालक को झपकी लग गई और कार अनियंत्रित होकर ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे से हिंडन नदी पुल के पास नीचे गिर गई। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर व्हिंग गांव के के पास शुक्रवार रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर हिंडन नदी के पास नीचे गिर गई। हादसे में महिला समेत तीन लोग घायल हो गये। पुलिस के मुताबिक, नोएडा सेक्टर 26 निवासी विपिन भाटी, डॉ.अभिलाषा व प्रत्यक्ष राज शर्मा के साथ कार से शिमला घूमने के लिए गए थे। शुक्रवार रात करीब डेढ़ बजे नोएडा लौट रहे थे। बेकाबू कार ने रौंदी बाइक, भाई-बहन समेत तीन घायल, शादी समारोह में जा रहा था परिवार, फतेहाबाद में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड पर हुआ भीषण हादसा

बताया कि जब वह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर व्हिंग गांव के पास पहुंचे तो अचानक चालक को झपकी लग गई, कार अनियंत्रित होकर हिंडन नदी पुल के पास से नीचे गिर गई। गनीमत रही है कार नदी किनारे पर गिरी। कार नदी पर गिरती तो शायद बड़ा हादसा हो सकता था।



राहगीर ने कार पुल से नीचे गिरने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने कार से किसी तरह तीनों को बाहर निकालकर स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर सभी को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

एसीपी लिपि नगायच ने बताया कि हादसे में कोई तहरीर नहीं मिली है। सूचना के 10 मिनट के अंदर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। थानाक्षेत्र निवाड़ी के सुहाना गांव निवासी डॉ. शाहबाज चौधरी ने कार को पेरिफेरल से नीचे गिरते देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। जिससे उन्हें समय पर उपचार मिल गया।

## मसूरी में दहेज लोभियों ने कार न मिलने पर तोड़ा निकाह

**मसूरी।** मसूरी में दहेज लोभियों ने सगाई के बाद ब्रेजा कार की मांग पूरी नहीं की तो इससे रिश्ता टूट गया। लड़की के पिता ने लाखों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगया है। पीड़ित पिता ने होने वाले दूल्हे, उसके पिता और चाचा के खिलाफ धोखाधड़ी और दहेज की मांग का आरोप लगाया है।

मसूरी क्षेत्रांर्तगत दहेज लोभियों द्वारा सगाई की रस्म होने के बाद, लड़के पक्ष ने शादी में ब्रेजा कार की मांग कर डाली,



लड़की पक्ष ने कार देने में असमर्थता जताई, कार की मांग पूरी न होने पर लड़के पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया, लड़की के पिता ने लड़के पक्ष पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता ने पुलिस उपायुक्त से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई है। मसूरी क्षेत्र के ग्राम ढ़बारसी निवासी शमीम पुत्र हबीब ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री की सगाई ग्राम नाहली निवासी आसिफ पुत्र उस्मान के साथ की थी। पीड़ित शमीम के अनुसार, 1 मार्च 2025 को सगाई कार्यक्रम के दौरान उन्होंने गवाहों की मौजूदगी में आसिफ के पिता उस्मान को 60 हजार रुपये नकद दिए थे।

## नदियापार के किन-किन गुर्जर वार्ड में प्रेस्टीज इशु बन गयी है एक सड़क मामला पहुंचा जब मुखिया के पास तो उनके भी तेवर हो गये कड़क



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विकास हर कोई चाहता है लेकिन विकास की कुछ शर्तें भी होती हैं। विकास हो और यश ना मिले ऐसा कैसे हो सकता है। मेरा विकास उसके विकास से बढ़िया होना चाहिए इसका पूरा ध्यान रखा जायेगा। विकास का क्रेडिट लेने की तो बात ऐसी है कि कैबिनेट वाले नारियल फोड़ आये और काम महीनों तक शुरू नहीं हुआ। अब फिर नदियापार में सड़क वाला किस्सा आ गया है। किस्से में दो वार्ड हैं, किस्से में भाजपा हैं और किस्से में उद्घाटन वाला नारियल भी है। नदियापार के दो वार्ड ऐसे हैं जो आपस में एक दूसरे का टच करते हें। दोनों ही वार्डों में जनादेश गुर्जर चेहरों को मिला है। एक चेहरा ऐसा है जिसने अपने वार्ड में पहले भाजपा हरायी है और फिर वो भाजपा में शामिल हो गया । लिहाजा अब वो वरिष्ठ भाजपाई है। दूसरा चेहरा भी भाजपाई है और उसकी पावर महानगर में फुल करंट में रही है, लेकिन जब बात मौहल्ले की आती है तो फिर वो थोड़ा और अधिक पावर में दिखाई देते हैं। दो पाटन के बीच में सड़क फंस गयी है। सूत्र बताते हैं कि अमन चैन के साथ रेजिडेंसी के लोग चाहते हैं कि उनकी सड़क भी बन जाये। लेकिन सीमा विस्तार की लाठी उधर भी है और ईधर भी है। ईधर वाले लोग, उधर वालों के पास चले गये। अब यही बात ईधर वालों को बुरी लगी। सूत्र बताते हैं कि फिर उधर वाले पार्षद ने ईधर वालों से कहा कि अगर आप इनकी सड़क बनवा देंगे तो ठीक रहेगा। वरना 400 वोट का नुकसान हो जायेगा। पार्षद भाजपा के हैं और उन्हें लहर पर भरोस है। वैसे भी वो बिना लहर के भी जीत कर आये हैं। वो 400 वोट के नुकसान से नहीं डरते और उन्होंने साफ कह दिया कि वोट मिलो या मत मिलो लेकिन सड़क ऐसे नहीं बनेगी। इस बीच कहानी में नया मोड़ तब आ गया जब ईधर वाले पार्षद और उधर वाले पार्षद दोनों के बीहेवी की रिपोर्ट लेकर रेजिडेंसी के लोग निगम मुखिया के पास पहुंच गये। उन्हें बता दिया कि सरकार इस ईगो वार में हमारी सड़क नही बन पा रही है। यहां भी एक रोचक मोड़ तब आया जब मुखिया ने ना इस वाले पार्षद को कुछ कहा और ना उस वाले को कुछ कहा। उन्होंने तो सीधे सड़क बनाने वाले ठेके दार को फोन मिलवा दिया। उधर से फोन पर हैलो होते ही इधर से टोन कड़क हो गयी। ठेकेदार को समझा दिया गया कि विधायक फ्रैन्ड के चक्कर में ऐसा ना हो कि तुम्हारा नुकसान हो जाये। कुछ मिलाकर सार ये कि ठेकेदार को हिन्दी में समझा दिया गया है कि सड़क बन जानी चाहिए। अब ठेकेदार भी इस बात पर अडिग है कि कोई सेट हो या अपसेट हो, लेकिन मैं उसी फोरमेट पर चलूंगा जो मुझे मिला है। भुगतान जेई की रिपोर्ट पर होना है, ना कि इनके खोट निकालने से होना है। बहरहाल दो पार्षदों की जंग में कुछ मीटर की सड़क का मामला रोचक रंग ले रहा है। दूसरे पार्षद भी इस लड़ाई का आनंद ले रहे हैं। किस्सा नदियापार में गूंज रहा है।

## गाजियाबाद में निराश्रित गोवंशों के लिए बड़ी तैयारी नंदी पार्क गौशाला का विस्तार देगा नई राहत

### 14 हजार वर्ग मीटर विस्तार और 6.90 करोड़ की लागत से बदलती व्यवस्था की तस्वीर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की सड़कों पर बढ़ती निराश्रित गोवंशों की संख्या लंबे समय से व्यवस्था के लिए चुनौती बनी हुई है। इसी चुनौती के बीच गाजियाबाद नगर निगम ने नंदी पार्क गौशाला के बड़े विस्तार का काम शुरू कर दिया है, जो शहर की तस्वीर बदलने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर गौशाला का क्षेत्रफल करीब 14,000 वर्ग मीटर बढ़ाया जा रहा है। मौजूदा समय में यहां 1800 से अधिक गोवंश रह रहे हैं, ऐसे में बढ़ती संख्या को देखते हुए यह विस्तार जरूरी हो गया था।



**करीब 6 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से चल रहे इस प्रोजेक्ट में इंटरलॉकिंग, बाउंड्री वॉल और नाद निर्माण जैसे काम तेजी से किए जा रहे हैं।**

इस योजना को खास बनाता है इसका व्यवस्थित ढांचा। पांच नए शेड बनाए जा रहे हैं, जिनमें नंदी और नंदिनी को अलग-अलग रखा जाएगा, छोटे बछड़ों और बछिया के लिए अलग व्यवस्था होगी और बीमार गोवंश के लिए विशेष शेड तैयार किया जाएगा। यानी अब केवल आश्रय ही नहीं, बल्कि देखभाल और स्वास्थ्य पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है।

करीब 6 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से चल रहे इस प्रोजेक्ट में इंटरलॉकिंग, बाउंड्री वॉल और नाद निर्माण जैसे काम तेजी से किए जा रहे हैं। साथ ही गौशाला में खुला स्थान भी विकसित किया जा रहा है, जिससे गोवंशों को प्राकृतिक वातावरण मिल सके।

निर्माण कार्य की रफ्तार तेज है। फाउंडेशन का काम पूरा हो चुका है और अब बाउंड्री वॉल का कार्य शुरू होने जा रहा है।

अधिकारियों के मुताबिक अगले आठ महीनों में यह पूरा प्रोजेक्ट जमीन पर नजर आने लगेगा। नगर निगम ने इस विस्तार के साथ साफ संकेत दिए हैं कि शहर की सड़कों पर निराश्रित गोवंशों की मौजूदगी को कम करने के लिए अभियान और तेज किया जाएगा। यह विस्तार केवल जगह बढ़ाने का काम नहीं, बल्कि गाजियाबाद में पशु प्रबंधन की बदलती सोच और व्यवस्थित व्यवस्था की एक मजबूत झलक बनकर उभर रहा है।

## जन्मदिन के सैलिब्रेशन में क्यों भिड़ गये रामलीला के पदाधिकारी

### देनी थी बर्थ डे की बधाई मगर होते होते रह गयी पदाधिकारियों में हाथापाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वैसे तो अब समय आ गया कि प्रशासन इस रामलीला की खाता बही को एक बार चैक कर ले। यहां वास्तव में चैरिटी हो रही है या बिजनेस की वैरायटी हो रही है। कमाल ये है कि किसी के पास सबूत नहीं है, कोई साबित नहीं कर पाते ळैं लेकिन आरोप लगातार लगाते हैं। आपस का झगड़ा है तो कार्यरिणी की बैठक में लड़ो, आम सभा में लड़ो। लेकिन ये तो ठीक नहीं है कि किसी के बर्थ डे में जाओ और वहां भी लड़ो। बताया जाता है कि शनिवार की रात को रामलीला के मैदान पर ही जुबानी घमासान हो गया। अशोक जी वाली वाटिका में बजरंगी का जन्मदिन था। बजरंगी के जन्मदिन वाले सैलिब्रेशन में राम वाले भी पहुंच गये। यहां पर एक्सपायर्ड कमेटी के एक्स टैम्प्रेरी महामंत्री भी पहुंचे थे। एक्स टैम्प्रेरी महामंत्री पहले से ही व्हाट्सअप पर अग्निबाण चला चुके हैं। नौबत ये भी आयी कि उन्हें कार्यकारिणी वाले ग्रुप से ही रिमूव कर दिया गया। मगर रिमोट वाले भी कम नहींहैं और यहां से रिमूव होने के बाद मूव होकर दूसरे ग्रुप में पहुंच गये। ब्रॉडकास्ट बनाकर अपने मन की पूरी पीड़ा को सामने



रखा। हालाकि ये भी तय है कि कोष वाले बिना रोष में आये कहते रहे कि कभी भी आ जाओ हिसाब ले लो अगर तुम्हे लग रहा है गड़बड़ है तो अपने साथ चार सीए ले आओ। चाय समोसे हम मंगा देंगे, मगर बैठकर देख लो। सैनेट्री वाले प्रधान जी ने तो प्यार से भी यही बात कही कि हम सब एक परिवार हैं और तकरार क्यों कर रहे हो। हिसाब व्हाटसअप पर लोगे या दफ्तर में आकर लोगे। बहरहाल ये सब चल रहा था और बजरंगी के हैप्पी बर्थडे में कोष वाले पहुंचे और पुराने कोष वाले पहुंचे। मौका जश्न का था, मौका बधाई देने का था मगर यहां पर दूसरे के जन्मदिन में हिसाब किताब की लड़ाई शुरू हो गयी। अशोक वाटिका में जुबान से पहला बाण एक्स टैम्प्रेरी महामंत्री ने चलाया। उन्होंने यहां बिना नाम लिये सबको चोर बताया। कभी बीस लाख तो कभी 40 लाख की बेईमानी के आरोप लगने लगे। बताते हैं कि इन बातों को सुनकर फिर कोष वालों को भी रोष आ गया। बहुत दिनों से इस पूरे मामले को शांति से देख रहे चौधरी भी नाराज हो गये। इसके बाद जन्मदिन में आये सभी लोगों ने रामलीला वालों की जुबानी महाभारत का आनन्द लिया। सब देख रहे थे कि राम वाले एक दूसरे को चोर बता रहे थे। दोनों तरफ से चोर चोर का नारा गूंज रहा था और अगर बीच बचाव ना होता तो यहां सीन हाथापाई का हो गया था। बताते हैं कि हाथापाई की नौबत आ गयी। सितम तो ये भी हुआ कि कोष वाले रोष में थे। एक्सपायर्ड कमेटी का एक्स टैम्प्रेरी महामंत्री शोर मचा रहा था और कमेटी के प्रधान भी पूरी तरह शांत और महामंत्री भी पूरी तरह मौन साध गये।

## हिंदी भवन में श्रीकृष्ण भक्ति संध्या, सुरभि दीदी के संदेशों से कृष्णमय हुआ गाजियाबाद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के हिंदी भवन में पावन चिंतन धारा आश्रम, मुरादनगर और लोक कल्याण सेवा संस्थान के तत्वावधान में श्रीकृष्ण भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतुल गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। परम पूज्य डॉ. पवन सिन्हा ने भक्तों को संबोधित करते हुए पाखंड से दूर रहकर धर्म के वास्तविक स्वरूप को समझने का संदेश दिया। उन्होंने आत्म परिवर्तन, नर सेवा और शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए ऋषिकुलशाला की उपलब्धि का उल्लेख किया।

श्रीगुरु माँ डॉ. शेष, पृष्ठ 6

## हाईटेक अवतार में दिखेगा कवि नगर थाना

### वाटर फाउंटेन और कॉरपोरेट लुक, एस एचओ ऑफिस से बढ़ेगी शान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट में थानों को आधुनिक और हाईटेक बनाने की दिशा में लगातार काम जारी है। इसी क्रम में शहर के महत्वपूर्ण और संवेदनशील माने जाने वाले कवि नगर थाना अब नए और आकर्षक अंदाज में नजर आएगा। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा निरीक्षण के बाद दिए गए निदेर्शों के तहत थाने को पूरी तरह अपग्रेड किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, थाना परिसर के मुख्य द्वार के पास एक भव्य वॉटर फाउंटेन बनाया जाएगा, जो ऊंचाई तक पानी की धार छोड़ते हुए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इसके आसपास रंग-बिरंगी लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा स्थापित करने की भी योजना है, जिससे परिसर को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक स्वरूप मिलेगा।

### कॉरपोरेट लुक में थाना प्रभारी कक्ष

करंट क्राइम : कवि नगर थाना प्रभारी कक्ष को विशेष रूप से कॉरपोरेट स्टाइल में तैयार किया गया है, जो आधुनिक पुलिसिंग की झलक देगा। इसके साथ ही मिशन शक्ति केंद्र को व्यवस्थित और सुसज्जित किया गया है। आगंतुक कक्ष को वातानुकूलित बनाया गया है, ताकि आम जनता को बेहतर सुविधा मिल सके। थाना परिसर में एसीपी कार्यालय, पेशी कक्ष और अन्य हिस्सों को भी आधुनिक डिजाइन और सुविधाओं से लैस किया गया है। आकर्षक लाइटिंग के साथ ह्लसेवा, सुरक्षा और समर्पणह्न का नया बोर्ड भी लगाया जाएगा, जो थाने की नई पहचान बनेगा।

### जल्द होगा उद्घाटन

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा जल्द ही इस हाईटेक थाने का उद्घाटन किया जाएगा। अंतिम तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं। यहां सीनियर सिटीजन सेल के लिए अलग कक्ष भी बनाया जा रहा है, जिससे बुजुर्गों को विशेष सुविधा मिल सकेगी। कुल मिलाकर, कवि नगर थाना अब आधुनिक सुविधाओं, आकर्षक लुक और बेहतर व्यवस्थाओं के साथ पुलिसिंग का नया मॉडल बनने की ओर अग्रसर है।

05 April -26 page 4 04-04-2026 9:58 PM Page 1



## संपादकीय

# एआई की आहट

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी, एंथ्रोपिक ने हाल ही में दो अध्ययन प्रकाशित किए हैं। एक में लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) के उपयोग के पैटर्न का विश्लेषण किया गया है, और दूसरे में श्रम बाजार पर इसके शुरूआती प्रभावों की जांच की गई है। हालांकि विश्लेषण के लिए केवल क्लाउड से प्राप्त डेटा का उपयोग किया गया है, फिर भी ये अध्ययन तकनीक की वर्तमान स्थिति की एक झलक प्रस्तुत करते हैं। एलएलएम का उपयोग उच्च आय वाले देशों में अधिक होता है, और वह भी अपेक्षाकृत सीमित विशिष्ट कार्यों के लिए।

हालांकि, दोनों रिपोर्टों का मुख्य निष्कर्ष उपयोग के मामलों में विविधता और परिणामस्वरूप किए गए कार्यों के औसत आर्थिक मूल्य में मामूली गिरावट की ओर इशारा करता है। अध्ययन में पाया गया है कि शुरूआती उपयोगकर्ता कोडिंग जैसे विशिष्ट उच्च-मूल्य वाले उपयोग को प्राथमिकता देते हैं, जबकि बाद में अपनाने वाले उपयोगकर्ता व्यक्तिगत प्रश्नों सहित कार्यों की एक विस्तृत श्रृंखला को अपनाते हैं। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर इसका उपयोग एकसमान नहीं है, प्रति व्यक्ति उपयोग में 48 फीसदी हिस्सा शीर्ष 20 देशों का है।

तकनीकी बदलाव को अपनाने में अंतर से श्रम बाजार में असमानता और गहरी हो सकती है, जिससे कौशल-आधारित तकनीकी परिवर्तन के प्रभाव बढ़ जाते हैं। दूसरे अध्ययन में, जो एआई के श्रम बाजार प्रभावों को समझने के लिए एक माप प्रस्तुत करता है, कंप्यूटर प्रोग्रामर, ग्राहक सेवा प्रतिनिधि और वित्तीय विश्लेषक जैसे व्यवसायों को एआई से ह्यसबसे अधिक प्रभावितह्न व्यवसायों में गिना गया है, क्योंकि उनके कार्य सैद्धांतिक रूप से एलएलएम के साथ संभव हैं।

इस प्रकार, कंप्यूटर विज्ञान, वित्त, कानूनी सेवाएं और प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में एलएलएम सैद्धांतिक रूप से अधिकांश कार्यों को संभाल सकता है। लेकिन व्यवहार में, इस क्षमता का केवल एक अंश ही साकार हो रहा है। श्रम बाजार से शुरूआती संकेत उभरने लगे हैं, जो बेरोजगारी में कोई व्यवस्थित वृद्धि नहीं दशार्ते हैं। इसके बजाय, जोखिम वाले व्यवसायों में युवा कामगारों, विशेष रूप से प्रवेश स्तर के पदों पर भर्ती धीमी हो गई है।

क्लाउड के उपयोग में भारत 116 देशों में से 98वें स्थान पर है। उन्नत एआई उपकरणों को अपनाने की समग्र दर कम होने के बावजूद, भारतीय उपयोगकर्ता कोडिंग और कोड डीबगिंग, डिजाइन कार्य, शैक्षणिक सहायता, वेब विकास और साफ्टवेयर विकास के लिए एआई का अत्यधिक उपयोग कर रहे हैं। स्पष्ट रूप से एआई का उपयोग उत्पादकता और रोजगार क्षमता बढ़ाने के साधन के रूप में किया जा रहा है। फिर भी, ह्यकरके सीखनेह्न के माध्यम से अधिक लाभ प्राप्त करने वाले अनुभवी उपयोगकर्ता श्रम बाजार में कौशल अंतर को और गहरा कर रहे हैं।

# शेयर बाजार : सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा निफ्टी 22,700 के पार, रुपया भी मजबूत

**उतार-चढ़ाव**

**रुपया डॉलर के मुकाबले मजबूत हुआ, रुपये में बीते 13 वर्षों में सबसे बड़ी एक दिवसीय बढ़त दर्ज की गई**




**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में गुरुवार को बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा। गुरुवार के मध्य सत्र के कारोबार में इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी आई और निवेशकों द्वारा निचले स्तरों पर ब्लू-चिप आईटी शेयरों की खरीदारी के चलते इनमें आई गिरावट की भरपाई होती दिखी। इस बीच रुपया भी डॉलर के मुकाबले मजबूत हुआ। रुपये में बीते 13 वर्षों में सबसे बड़ी एक दिवसीय बढ़त दर्ज की गई। रुपया डॉलर के मुकाबले एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त हासिल करते हुए 93.10 रुपये के स्तर पर बंद हुआ।

शुरूआती कारोबार में दोनों सूचकांकों में भारी गिरावट दर्ज की गई, जिसमें 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,588.51 अंक गिरकर 71,545.81 के अंतर-दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, आगे चलकर बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। 30 शेयरों का सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 185.23 (0.25%) अंकों की बढ़त के साथ 73,319.55 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 33.70(0.15%) अंकों की बढ़त के साथ 22,713.10 के स्तर पर बंद हुआ।

भारी खरीदारी के चलते, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इंफोसिस जैसी आईटी क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों के शेयरों में तीन प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई। मारुति सुजुकी इंडिया, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी भी लाभ कमाने वालों में शामिल थे।

हालांकि, 30 शेयरों वाले सेंसेक्स समूह में इटरनल, एशियन पेंट्स, सन फार्मास्युटिकल्स, एनटीपीसी, पावरग्रिड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट और अदाणी पोर्ट्स जैसी कंपनियां पिछड़ गईं। क्षेत्रीय सूचकांकों में, फोकस्ड आईटी और सूचना प्रौद्योगिकी एकमात्र ऐसे क्षेत्र के रूप में उभरे जिनमें 2 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई।

## एफवाई26 में फरवरी तक 28 अरब डॉलर का निर्यात दर्ज



**नई दिल्ली।** सरकार ने एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इस वित्तीय वर्ष में फरवरी तक भारतीय दवाओं का निर्यात 28 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में पांच प्रतिशत ज्यादा है।

फार्मास्युटिकल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया (फार्मेक्सिल) के महानिदेशक के राजा भानु के अनुसार, वर्तमान में लगभग 60 अरब अमेरिकी डॉलर के इस क्षेत्र के 2030 तक बढ़कर 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। उन्होंने कहा, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, दवा निर्यात उन चुनिंदा क्षेत्रों में से एक रहा है जिसने अपनी विकास गति को बनाए रखा है। वित्त वर्ष 2026 के अप्रैल-फरवरी की अवधि के दौरान दवा निर्यात 28.29 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। इसमें वित्त वर्ष 2025 की इसी अवधि की तुलना में 5.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ।

## भारत के लिए एक और अच्छी खबर
# सातवें एलपीजी टैंकर ग्रीन शान्वी ने होर्मुज को सुरक्षित पार किया

**राहत की खबर**

**आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, जहाज में करीब 46,650 मीट्रिक टन एलपीजी कार्गो लदा हुआ था**




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच भारत के लिए एक और राहत भरी खबर है। भारतीय झंडे वाला एलपीजी टैंकर ग्रीन शान्वी 3 अप्रैल 2026 की रात हॉर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से गुजर गया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, जहाज में करीब 46,650 मीट्रिक टन एलपीजी कार्गो लदा हुआ था। आने वाले दिनों में दो और भारत-ध्वज वाले एलपीजी टैंकर ग्रीन आशा और जग विक्रम भी हॉर्मुज जलडमरूमध्य पार कर भारत की ओर रवाना होंगे।

गौरतलब है कि पश्चिम एशिया युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक ग्रीन शान्वी समेत कुल सात भारतीय एलपीजी टैंकर इस संवेदनशील जलमार्ग को पार कर चुके हैं। ग्रीन शान्वी के ट्रांजिट के बाद अब फारस की खाड़ी में कुल 17 भारतीय जहाज मौजूद हैं।

इनमें तीन अन्य एलपीजी टैंकर, चार कच्चे तेल के टैंकर, एक एलएनजी टैंकर, एक केमिकल प्रोडक्ट्स टैंकर, तीन कंटेनर शिप, दो बल्क कैरियर और दो जहाज नियमित मरम्मत (मेंटेनेंस) के लिए शामिल हैं।

अपने ट्रांजिट के दौरान ग्रीन शान्वी अपनी भारतीय पहचान और जहाज पर सवार नाविकों की पहचान बता रहा था, यह एक ऐसी प्रैक्टिस बन गई है जो ईरानी अधिकारियों के साथ कोऑर्डिनेट करने वाले जहाजों के लिए स्टैंडर्ड बन गई है।

## कमर्शियल एलपीजी के नए नियम
# कारोबारियों के लिए पीएनजी के लिए आवेदन करना अनिवार्य

**सख्ती**

**खाद्य, आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से 2 अप्रैल को आधिकारिक आदेश जारी किया गया**



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में व्यापारिक और औद्योगिक गतिविधियों के लिए कमर्शियल एलपीजी सिलिंडरों की आपूर्ति के नियमों को सख्त कर दिया है। खाद्य, आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से 2 अप्रैल को एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया। इसके तहत, अब उन इलाकों में जहां पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध है, वहां व्यवसायों के लिए कमर्शियल एलपीजी प्राप्त करना तभी संभव होगा, जब उनके पास पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का कनेक्शन हो या उन्होंने इसके लिए आवेदन कर दिया गया हो। सरकार ने हाल ही में अधिसूचित कमर्शियल एलपीजी वितरण नीति से जुड़े एक प्रमुख नियम में यह संशोधन किया है। संशोधित नियमों के तहत, कमर्शियल और औद्योगिक उपभोक्ता अब एलपीजी आपूर्ति प्राप्त करने के पात्र तभी माने जाएंगे, जब वे संबंधित तेल विपणन कंपनी (ओएमसी) के साथ पंजीकृत होंगे और नेटवर्क मौजूद होने की स्थिति में उन्होंने पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन किया होगा।

आदेश में उन क्षेत्रों के लिए भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं जहां पीएनजी इन्फ्रास्ट्रक्चर अभी तक उपलब्ध नहीं है। ऐसे क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को एक आवेदन जमा करना होगा, जिसमें पीएनजी नेटवर्क उपलब्ध होने पर उस पर स्विच करने की मंशा साफ की गई हो।

# 'जंग खत्म हुई तो बाजार पर पड़ सकता है सीमित असर', कोटक की रिपोर्ट

**राहत**

**पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत के इक्विटी बाजारों को लेकर राहत भरी खबर**



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत के इक्विटी बाजारों को लेकर राहत भरी खबर सामने आई है। कोटक संस्थागत इक्विटी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, यदि मौजूदा संघर्ष अगले कुछ हफ्तों में समाप्त हो जाता है, तो भारतीय बाजारों की कमाई पर इसका असर सीमित रह सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालिया समय में शेयर बाजार में आई गिरावट के बाद निवेशकों के लिए जोखिम और रिटर्न का संतुलन बेहतर हुआ है। यानी मौजूदा स्तर पर निवेश के अवसर पहले की तुलना में अधिक आकर्षक हो सकते हैं। विशेष रूप से अमेरिका की ओर से ईरान-इस्राइल संघर्ष को लेकर दिए गए संकेतों ने तनाव कम होने और ऊर्जा आपूर्ति स्थिर होने की उम्मीद बढ़ाई है।

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति की हालिया टिप्पणियों से उम्मीद जगी है कि ईरान-इस्राइल/अमेरिका के बीच जारी संघर्ष का अंत हो सकता है और आने वाले महीनों में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति सामान्य हो सकती है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था और बाजार की कमाई पर संभावित नुकसान सीमित रहेगा। कोटक ने अपने बेस केस परिदृश्य में माना है कि यह संघर्ष कुछ हफ्तों तक जारी रह सकता है, लेकिन इससे वैश्विक तेल आपूर्ति ढांचे पर कोई दीर्घकालिक असर नहीं पड़ेगा।


पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिश्रण को लेकर भारत की नीति किसी भू-राजनीतिक संकट, खासकर पश्चिम एशिया के तनाव, से प्रेरित नहीं है, बल्कि यह ऊर्जा आत्मनिर्भरता के दीर्घकालिक लक्ष्य पर आधारित है। अनाज इथेनॉल निमार्ता संघ (जीईएमए) के अध्यक्ष सीके जैन ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि ई20 का युद्ध से कोई लेना-देना नहीं है। इसका एक ही उद्देश्य है ऊर्जा में आत्मनिर्भरता। जब हमारे पास खुद का उत्पादन है, तो हम दूसरों पर निर्भर क्यों रहें?

# युद्ध प्रभावित क्षेत्रों को 2.5 लाख करोड़ तक की कर्ज गारंटी!

**कर्ज गारंटी योजना**

**केंद्र सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों को राहत देने की तैयारी कर रही है**




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों को राहत देने के लिए नई कर्ज गारंटी योजना लाने की तैयारी कर रही है। इस योजना का मकसद खासतौर पर उन कंपनियों को आसानी से कर्ज उपलब्ध कराना है, जो आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियों के साथ कच्चे माल और लॉजिस्टिक खर्च की बढ़ती लागत से परेशान हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, नई योजना के तहत सरकार दो से 2.5 लाख करोड़ रुपये तक की कर्ज गारंटी दे सकती है। यह कोविड महामारी के दौरान शुरू की गई आपातकालीन कर्ज गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के मॉडल पर आधारित होगी। वित्तीय सेवा विभाग इस योजना पर काम रहा है। माना जा रहा है कि सरकार अगले 15 दिनों के भीतर इसकी आधिकारिक घोषणा कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, इस राहत पैकेज का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट की वजह से जो क्षेत्र चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उन्हें नकदी की कमी न हो और वे अपना कारोबार चालू रख सकें। योजना के तहत उन कंपनियों को सरकार की गारंटी पर कर्ज मिलेगा। सूत्रों ने कहा, इस योजना का मकसद कंपनियों को भरोसा देना है, ताकि वे अनिश्चित माहौल में भी काम जारी रख सकें।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं।
- सींग वाली छिपकलियां खुद को बचाने के लिए अपनी आँखों से बाहर खून फेंक सकतीं हैं।
- हाथी केवल प्रत्येक दिन 2 से 3 घंटे सोते हैं।
- डॉलफिन एक समय में अपने मस्तिष्क के केवल आधे हिस्से के साथ सोते हुए 15 दिनों या उससे अधिक समय तक सक्रिय रह सकते हैं।
- अरे दोस्तों, अगली बार जब आप एक पेड़ की छाया का आनंद ले रहे हों, तो आप गिलहरी का शुक्रिया अदा करना बिलकुल ना भूलें। लाखों पेड़ों को गलती से गिलहरी द्वारा ही लगाया जाता है, जो नट्स को जमीन में दफन करते हैं और फिर भूल जाते हैं कि उन्हें कहाँ छिपा दिया गया था।
- कुछ साँप दो साल तक भोजन के बिना जीवित रह सकते हैं।
- साँप हर साल 10,000 लोगों को मारते हैं।
- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले प्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।

## राशिफल

**मेष:** कुछ बातों को लेकर या किसी निर्णय को लेकर असमंजस में रह सकते हैं कि यह काम किया जाए या नहीं। इस भ्रम की स्थिति से बाहर निकलने की कोशिश करें

**वृष:** आप दोनों के रिश्ते में स्थिरता आने की संभावना है। अगर कोई समस्या है तो आप उसे बहुत ही समझदारी से हल करने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन:** आज के ग्रह नक्षत्र संकेत देते हैं कि प्रेम संबंधों में परेशानी आने वाली है। इस मुसीबत को खुद ही बुला लिया होगा।

**कर्क:** स्थिर रिश्ते का अभाव देखा जा सकता है। जब आप आगे बढ़ रहे हों तो आपको पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए।

**सिंह:** जिस मोड़ पर आप रिश्ते में हैं, आगे बढ़ने के योग हैं, यानी आपके प्रेम-जीवन का एक चरण समाप्त होने के बाद दूसरे चरण में प्रवेश करने के योग बन रहे हैं।

**कन्या:** अपने प्रेमी के जीवन में जो भी कदम आगे बढ़ाना चाहते हैं, उसे बिना सोचे समझे न लें। यह समझने की कोशिश करें कि कुछ तो है जो आगे बढ़ने से रोक रहा है।

**तुला:** आप दोनों के बीच तीखी बहस होने की संभावना है, जिसका कोई आधार नहीं होगा। आप दोनों एक दूसरे की कमियां ढूंढने में समय बर्बाद करेंगे।

**वृश्चिक:** प्रेम संबंधों को लेकर दिन बिल्कुल भी अच्छा या आपके पक्ष में नहीं कहा जा सकता है। प्रेमी के जीवन में आपकी पीठ में छुरा घोंपने की संभावना है।

**धनु:** प्रेम संबंधों को सुधारने की जरूरत है ताकि एक बार फिर उनमें प्यार के रंग भर जाए। आप रिश्ते को पटरी पर लाने की पूरी कोशिश करेंगे।

**मकर:** अगर आप चिंतित हैं तो आपको अपने प्रेमी के साथ कुछ समय बिताना चाहिए और प्यार भरी चीजों का आनंद लेना चाहिए।

**कुंभ:** यदि प्रेमी के जीवन में किसी प्रकार की उथल-पुथल चल रही है तो आज सब कुछ शांत होने की संभावना है। आप दोनों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल बनेगा।

**मीन:** लव अफेयर को लेकर दिन मिलाजुला रहेगा क्योंकि आप दोनों अपने निजी कामों में व्यस्त हो सकते हैं। आप अपने काम के लिए एक दूसरे से सलाह भी ले सकते हैं।

## चुटकुले

लड़कियों का क्या है...
वो तो यूट्यूब पर रेसिपी देखकर पानीपुरी,
मोमोज सब बना लेंगी...!
असली परेशानी तो लड़कों को है, जिन्हें
रजनीगंधा की रेसिपी ही नहीं मिल रही...!

---

पहला प्यार अपने आप हो जाता है...!
फिर दूसरा पहला वाला भुलाने के लिए...
फिर तीसरा-चौथा...
बस आदत सी हो जाती है...!

---

आजकल के लड़के...
पापा का फोन कुछ सेकेंड के बाद उठाते हैं...
ताकि उन्हें ये ना लगे कि
मोबाइल उनके हाथ में ही था...!

---

पप्पू ने अपनी गर्लफ्रेंड से कहा...
मुझे वो दो, जिसका मैं हकदार हूं...
फिर क्या...
लड़की ने धोखा दे दिया...!

## 05 04 2026 करंट क्राइम
## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




रश्मिका मंदाना (अभिनेत्री)

रोहित शर्मा, जानवी, शिवाय शर्मा, शिल्पी गर्ग, रीतू मोहित चौधरी प्रजापति, राघव बंसल, बलराम रावल, हिमांशु कुमार लोधी, जगत नारायण, सुभाष गिरी, हरेन्द्र चौघरी, संदीप यादव, संतोष शर्मा, अमन प्रताप, मयंक शर्मा, रविन्द्र नामर, रामप्रकाश निर्मल, आसिफ सिद्दिकी, सोम गिरी, सुनील सिंह

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# पंजाब का आईपीएल में दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज

## 2022 के बाद चेन्नई लगातार दो ओपनिंग मैच हारी

**चेन्नई।** पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हरा दिया। सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन बनाए। जवाब में पंजाब की टीम ने 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 210 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पांच विकेट से हराकर लगातार आईपीएल 2026 का दूसरा मुकाबला जीत लिया। वहीं, सीएसके लगातार दूसरे मैच में हार गई। शुक्रवार को चेपॉक में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई ने आयुष म्हात्रे (73) और शिवम दुबे (45*) की दमदार पारियों की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 210 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

**पंजाब किंग्स के सबसे बड़े सफल रन चेज**

| लक्ष्य (रन) | विपक्षी टीम | जगह | साल |
|---|---|---|---|
| 262 | केकेआर | कोलकाता | 2025 |
| 210 | सीएसके | चेन्नई | 2026 |
| 206 | सीएसके | अबू धाबी | 2014 |
| 206 | एसआरएच | हैदराबाद | 2014 |
| 206 | आरसीबी | नवी मुंबई | 2022 |



पंजाब की शानदार जीत

आईपीएल इतिहास में यह पंजाब किंग्स का दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज रहा। इससे पहले टीम ने पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 262 रनों का लक्ष्य आसानी से हासिल किया था। वहीं, चेन्नई 2022 के बाद लगातार दूसरा ओपनिंग मैच हारी है।

**श्रेयस अय्यर ने खेली कप्तानी पारी:** 210 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की तरफ से कप्तान श्रेयस अय्यर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, प्रियांश आर्या ने 39 रनों की आतिशी पारी खेली। पंजाब की शुरूआत दमदार रही। प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 4.2 ओवर में 61 रन जोड़े। प्रियांश ने सिर्फ 11 गेंदों का सामना करते हुए 354 के स्ट्राइक रेट से 39 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान तीन चौके और चार छक्के लगाए। वहीं, प्रभसिमरन ने 34 गेंदों में 43 रन बनाए। कूपर कोनोली ने 22 गेंदों में छह चौकों की मदद से 36 रन बनाए। हालांकि, नेहल वढेरा ने अपने प्रदर्शन से निराश किया और वह 10 रन बनाकर मैट हेनरी का शिकार बने।

कप्तान श्रेयस अय्यर एक छोर संभालकर खड़े रहे और उन्होंने इस सीजन का पहला अर्धशतक लगाया। अय्यर 29 गेंदों में 50 रन बनाकर आउट हुए।

### आयुष-शिवम की दमदार बल्लेबाजी

इससे पहले टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 209 रन बनाए। संजू सैमसन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और महज सात रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इसके बाद ऋतुराज गायकवाड़ और आयुष म्हात्रे ने दूसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़े। ऋतुराज 22 गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, आयुष ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 43 गेंदों में 73 रनों की दमदार पारी खेली। कार्तिक शर्मा ने एक बार फिर निराश किया और वह एक रन ही बना सके। हालांकि, सरफराज खान शानदार लय में दिखाई दिए और उन्होंने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 12 गेंदों में 32 रनों की आतिशी पारी खेली। वहीं, अंत के ओवरों में शिवम दुबे ने सिर्फ 27 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 45 रन बनाए।

# पैरा तीरंदाज पायल ने विश्व चैंपियन को हराया

## महिला कम्पाउंड फाइनल में जीता स्वर्ण पदक

**बैंकॉक।** भारत की युवा पैरा तीरंदाज पायल नाग ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए शीतल देवी को हराया। पायल ने पैरा तीरंदाजी सीरीज के महिला कम्पाउंड वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

भारतीय पैरा तीरंदाजी में एक नया सितारा उभर कर सामने आया है। बैंकॉक में महिला कम्पाउंड वर्ग के फाइनल में पायल नाग ने विश्व चैंपियन शीतल देवी को हराकर पैरा तीरंदाजी सीरीज में स्वर्ण पदक जीत लिया है। फाइनल में दो भारतीय आमने-सामने थे और 18 वर्षीय पायल ने ये मुकाबला 139-136 के अंतर से जीता। पायल का यह सीनियर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहला स्वर्ण पदक है।



**क्वालिफाइंग दौर में तीसरे स्थान पर थीं पायल:** 19 वर्षीय शीतल के हालिया शानदार प्रदर्शन को देखते हुए यह परिणाम और भी उल्लेखनीय है। शीतल बेहतरीन फॉर्म में थीं और 2025 के शानदार सीजन के बाद उन्हें विश्व तीरंदाजी की पैरा आर्चर ऑफ द ईयर भी चुना गया था। उन्होंने बैंकॉक में भी उसी लय को बरकरार रखा और क्वालिफाइंग राउंड में 698 (25) के शानदार स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जो कजाखस्तान की जनात ऐतिमोवा से 20 अंक अधिक था। वहीं, पायल ने 678 (9) के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था।

दोनों तीरंदाजों ने आत्मविश्वास के साथ नॉकआउट राउंड में अपनी जगह बनाई। शीतल ने सेमीफाइनल में सिंगापुर की नूर शाहिदा अलीम को 147-142 से हराया, जबकि पायल ने ऐतिमोवा को 144-140 से हराकर एक रोमांचक फाइनल का रास्ता साफ कर दिया था। हालांकि, पायल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दबाव में रहते हुए अपने करियर की अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की।

**पुरुष वर्ग में स्वामी ने जीता कांस्य:** बैंकॉक में भारतीय का दबदबा सिर्फ महिला कम्पाउंड फाइनल तक ही सीमित नहीं रहा। पुरुष कम्पाउंड व्यक्तिगत वर्ग में श्याम सुंदर स्वामी ने हमवतन राकेश कुमार को शूटऑफ में हराकर कांस्य पदक जीता।

# स्कैन के लिए पैट कमिंस ऑस्ट्रेलिया लौटे, क्या आईपीएल के दूसरे हाफ में हैदराबाद से जुड़ेंगे



### पिछले साल से पीठ की समस्या से जूझ रहे कमिंस

कमिंस पिछले साल जुलाई से ही पीठ की समस्या से जूझ रहे हैं। दिसंबर में खेले गए एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट को छोड़कर वह ज्यादा प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेल पाए हैं। उन्होंने टी20 विश्व कप में वापसी की उम्मीद जताई थी, लेकिन रिकवरी में आई हल्की परेशानी के कारण बाहर हो गए। उनकी अनुपस्थिति में हैदराबाद के लिए विदेशी तेज गेंदबाज के रूप में एशान मलिंगा और डेविड पेन खेल रहे हैं। टीम का अगला मुकाबला रविवार को हैदराबाद में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ होगा।

**चेन्नई।** पीठ की समस्या से जूझ रहे पैट कमिंस आईपीएल 2026 के बीच में ऑस्ट्रेलिया लौट गए। वह स्कैन के लिए स्वदेश रवाना हुए।

सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस आईपीएल 2026 के बीच टीम कैंप छोड़कर अपने देश ऑस्ट्रेलिया लौट गए हैं। वह पीठ का अंतिम स्कैन कराने गए हैं। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, यह स्कैन पहले से तय था और इसे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की निगरानी में किया जाएगा। अगर उनकी रिपोर्ट ठीक रहती है, तो वह 17 अप्रैल को टीम से दोबारा जुड़ सकते हैं।

**कमिंस की जगह ईशान कर रहे गेंदबाजी**

कमिंस पहले ही कह चुके हैं कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो वह आईपीएल के दूसरे हाफ और प्लेऑफ मुकाबलों में खेलेंगे। वह सीजन की शुरूआत से पहले टीम के साथ जुड़कर नेट्स में नियमित गेंदबाजी कर रहे थे, लेकिन शुरूआती मैचों में नहीं खेल पाए। उनकी गैरमौजूदगी में ईशान किशन टीम की कप्तानी संभाल रहे हैं और आगे भी वही नेतृत्व करते रहेंगे।

## सूर्यवंशी के फैन हुए जोस बटलर

**चेन्नई।** जोस बटलर ने 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को भविष्य का सुपरस्टार बताया है। उनके मुताबिक, यह युवा खिलाड़ी आने वाले वर्षों में क्रिकेट जगत पर राज कर सकता है, बशर्ते वह अपनी मेहनत और खेल की आजादी को बरकरार रखे।

गुजरात टाइटंस के जोस बटलर ने भारतीय युवा सनसनी और राजस्थान रॉयल्स से खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ की है। गुजरात टाइटंस के विकेटकीपर-बल्लेबाज बटलर का मानना है कि यह 15 साल का खिलाड़ी आने वाले दशक में क्रिकेट पर राज कर सकता है। राजस्थान रॉयल्स के कैंप में हुई बातचीत के दौरान बटलर ने सूर्यवंशी के टैलेंट को देखकर हैरानी जताई और खुलकर उनकी प्रशंसा की। राजस्थान ने इसका वीडियो शेयर किया है। सोचिए जब यह 21 या 25 साल का होगा, तब दुनिया इसके कदमों में होगी। इसे खेलते देखना शानदार है। अंडर-19 वर्ल्ड कप में तुमने इंग्लैंड का दिल तोड़ दिया था, कमाल है।'

# दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नहीं खेल रहे हार्दिक

## सूर्यकुमार कर रहे मुंबई इंडियंस की कप्तानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या नहीं खेल रहे हैं। हार्दिक की जगह इस मैच में सूर्यकुमार यादव टीम की कमान संभाल रहे हैं।

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के मैच में नहीं खेल रहे हैं। हार्दिक की जगह सूर्यकुमार यादव मुंबई की कमान संभाल रहे हैं। सूर्यकुमार पिछले मैच में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेले थे, लेकिन इस मैच में वह टीम की कप्तानी कर रहे हैं। सूर्यकुमार ने बताया कि हार्दिक बीमार हैं जिस कारण इस मैच में हिस्सा नहीं ले सके हैं।

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। मुंबई के लिए इस मैच में हार्दिक पांड्या नहीं खेल रहे हैं। स्टैंड इन कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बताया कि हार्दिक की तबीयत ठीक नहीं है जिस कारण वह इस मैच का हिस्सा नहीं है। दिल्ली ने इस मैच के लिए प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया है, जबकि मुंबई टीम में दीपक चाहर, कॉर्बिन बॉश और मिचेल सैंटनर की वापसी हुई है।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11:**

**दिल्ली कैपिटल्स:** केएल राहुल (विकेटकीपर), पाथुम निसांका, नीतीश राणा, अक्षर पटेल (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, विपराज निगम, लुंगी एनगिडी, कुलदीप यादव, टी. नटराजन, मुकेश कुमार।

**इम्पैक्ट प्लेयर:** आशुतोष शर्मा, औकिब नबी डार, समीर रिजवी, करुण नायर।

**मुंबई इंडियंस:** रोहित शर्मा, रेयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), नमन धीर, शेरफाने रदरफोर्ड, मिचेल सैंटनर, कॉर्बिन बॉश, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह।

**इम्पैक्ट प्लेयर:** मयंक मारकंडे, रॉबिन मिंज, राज बाजवा, ट्रेंट बोल्ट, अश्विनी कुमार।



**हार्दिक को लेकर क्या बोले सूर्यकुमार?**

टॉस के दौरान सूर्यकुमार ने हार्दिक पांड्या की सेहत को लेकर कहा, हार्दिक की तबीयत ठीक नहीं हैं जिस कारण वह इस मैच में खेलने के लिए फिट नहीं हैं। यही कारण है कि वह आज के मैच में नहीं खेल रहे हैं। आज मैं उनकी भूमिका निभा रहा हूं। हार्दिक की जगह दीपक चाहर, बोल्ट की जगह कॉर्बिन बॉश और गजनफर की जगह मिचेल सैंटनर को प्लेइंग-11 में जगह मिली है।

## क्या दक्षिण अफ्रीका की टीम में वापसी करेंगे हेनरिक क्लासेन

**चेन्नई।** हेनरिक क्लासेन ने साफ कर दिया है कि वह दक्षिण अफ्रीका के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी नहीं करेंगे। परिवार और निजी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह फैसला लिया है, हालांकि एक समय वह वापसी के बारे में सोच रहे थे। हेनरिक क्लासेन को लेकर एक बार फिर यह सवाल उठने लगा था कि क्या वह दक्षिण अफ्रीका के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे, लेकिन इस पर अब खुद खिलाड़ी ने ही पूरी तरह विराम लगा दिया है। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी नहीं करने जा रहे हैं और अपने फैसले पर कायम हैं। 34 वर्षीय इस विस्फोटक बल्लेबाज ने बताया कि यह निर्णय उन्होंने सोच-समझकर लिया है और इसमें उनके परिवार की बड़ी भूमिका रही है। इसके बाद से वह दुनिया भर की टी-20 लीग्स में खेलते नजर आ रहे हैं, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद के लिए उनका प्रदर्शन खासा चर्चित रहा है। हाल ही में आईपीएल के एक वीडियो में क्लासेन अपने साथी नीतीश कुमार रेड्डी से बातचीत करते नजर आए, जहां उन्होंने अपने इस फैसले पर खुलकर बात की।

# आईपीएल में विदेशी खिलाड़ी कहे जाने पर विराट कोहली ने तोड़ी चुप्पी! लंदन में रहने को लेकर कही यह बात



**बेंगलुरु।** विराट कोहली ने ओवरसीज खिलाड़ी कहे जाने पर मजाकिया अंदाज में जवाब देकर आलोचकों को शांत कर दिया। साथ ही उन्होंने यह भी दिखाया कि उनका फोकस सिर्फ खेल और प्रदर्शन पर है, और मेहनत ही उनके लिए असली जीत की कुंजी है।

विराट कोहली एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह उनका खेल नहीं बल्कि लंदन में समय बिताना है। हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलने वाले ओवरसीज यानी विदेशी खिलाड़ी तक कह दिया। इस पर कोहली ने मजेदार अंदाज में जवाब दिया है और आलोचकों को करारा जवाब दिया है।

दरअसल, आरसीबी को प्रमोट करने के लिए वीडियो बनाने वाले मिस्टर नैग्स ने कोहली से पूछा- लोग कह रहे हैं कि आरसीबी टीम पांच विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेल रही है। क्या ऐसा है। इस पर विराट ने हंसते हुए जवाब दिया और कहा, 'मुझे नहीं पता, आप मुझसे क्यों पूछ रहे हैं? ओवरसीज खिलाड़ियों से पूछिए।

मैं ओवरसीज खिलाड़ी नहीं हूं। क्या मैं ओवरसीज खिलाड़ी हूं?' उनका यह जवाब हल्के-फुल्के अंदाज में था, लेकिन इससे उन्होंने साफ कर दिया कि ऐसी बातों को वह ज्यादा तवज्जो नहीं देते।

**'जीत मेहनत का नतीजा है'**

कोहली ने जीत के असली मायने भी बताए और कहा, 'जीत आपके वर्षों की मेहनत, त्याग और खेल के प्रति प्रतिबद्धता का नतीजा होती है। यह एक तरह का इनाम है, जो बताता है कि आपकी मेहनत बेकार नहीं गई। हार से लोग सीखते हैं, लेकिन कई बार निराश भी हो जाते हैं। ऐसे में जब आप जीतते हैं, तो लगता है कि आपकी मेहनत के साथ न्याय हुआ है और यह आपको आगे और मेहनत करने की प्रेरणा देता है।'

**परिवार के साथ समय, फॉर्म पर असर नहीं**

कोहली हाल के महीनों में अपने परिवार के साथ लंदन में ज्यादा समय बिता रहे हैं और भारत में कम नजर आते हैं। हालांकि, इसका असर उनके खेल पर बिल्कुल नहीं पड़ा है। मैदान पर वह पहले की तरह ही फिट और प्रभावी दिख रहे हैं।

**शानदार शुरूआत, वही पुराना अंदाज**

आईपीएल में कोहली ने धमाकेदार शुरूआत की। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले ही मैच में उन्होंने मैच जिताऊ पारी खेली और यह संकेत दे दिया कि वह इस सीजन में भी फॉर्म में हैं। आरसीबी की टीम इस बार अपने खिताब को बचाने उतरी है, जिसे उन्होंने पिछले सीजन में पहली बार जीता था। कोहली इस बार भी टीम की अगुवाई अपने अनुभव और प्रदर्शन से कर रहे हैं।

आरसीबी के साथ खिताब जीतने के लंबे इंतजार को याद करते हुए कोहली ने अपनी भावनाएं साझा कीं।

# चेन्नई-पंजाब मैच में दिखी यह मिस्ट्री गर्ल! क्यूटनेस ने जीता फैंस का दिल

**चेन्नई।** सोशल मीडिया पर फैंस का दावा है कि इस मिस्ट्री गर्ल का कनेक्शन पंजाब किंग्स के मध्यक्रम के बल्लेबाज नेहल वढेरा से है।

आईपीएल 2026 में शुक्रवार को चेपॉक स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच जबरदस्त मुकाबला खेला गया। हालांकि, पंजाब ने 210 रन का लक्ष्य पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया और लगातार दूसरी जीत दर्ज की, वहीं चेन्नई को लगातार दूसरी हार मिली। हालांकि, पंजाब के इस बड़े चेज से ज्यादा चर्चा एक मिस्ट्री गर्ल की हो रही है।

यह मिस्ट्री गर्ल चेपॉक में नजर आई और अपनी सादगी और क्यूटनेस से फैंस का दिल जीता। अब सोशल मीडिया पर उस मिस्ट्री गर्ल की तस्वीर और वीडियो खूब वायरल हो रहे हैं। फैंस का दावा है कि इस मिस्ट्री गर्ल का कनेक्शन पंजाब के मध्यक्रम के बल्लेबाज नेहल वढेरा से है।

दरअसल, मैच के दौरान, जब पंजाब की टीम चेज कर रही थी और उनका स्कोर 17.1 ओवर में पांच विकेट पर 186 रन था, तब कैमरे का फोकस अचानक पंजाब को समर्थन करने स्टेडियम पहुंचे दर्शकों पर गया। यह दर्शक दीर्घा का वो हिस्सा था, जहां पंजाब के खिलाड़ियों के परिवार वाले, दोस्त या करीबी बैठे हुए थे।





हालांकि, कैमरामैन ने एक शॉर्ट कुर्ती और जींस में बैठी लड़की पर फोकस किया और तभी फैंस जोर से चिल्लाने लगे।

देखते ही देखते यह क्लिप और उस मिस्ट्री गर्ल की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। फैंस उसे सोशल मीडिया पर सर्च करने लगे। हालांकि, अब हम आपको बताते हैं कि वह मिस्ट्री गर्ल कौन है।

सोशल मीडिया पर फैंस के दावे के मुताबिक, इस मिस्ट्री गर्ल का नाम कश्मीरा परदेशी है। वह एक अभिनेत्री हैं और इंस्टाग्राम पर 2.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

उन्होंने इंस्टाग्राम बायो में लिखा है, 'सिर्फ चीजें हासिल करने के लिए नहीं, बल्कि खुद को एक बेहतर इंसान बनाने के लिए काम कर रही हूं।' सोशल मीडिया पर फैंस का दावा है कि कश्मीरा और पंजाब किंग्स के स्टार और भारत के उभरते सितारे नेहल वढेरा की गर्लफ्रेंड हैं।तब भी वह प्रीति जिंटा के साथ बैठी नजर आई थीं।

# भारत के तीन पदक पक्के, निकहत-प्रिया और प्रीति सेमीफाइनल में पहुंचीं

**नई दिल्ली।** एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 के पांचवें दिन निकहत जरीन, प्रिया और प्रीति पवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली।



भारत ने एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में तीन पदक पक्के कर लिए हैं। शुक्रवार को पांचवें दिन निकहत जरीन, प्रिया और प्रीति पवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है।

निकहत का शानदार प्रदर्शन

निकहत ने महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। उन्होंने पहले ही राउंड में आरएससी (रेफरी स्टॉप्स कॉन्टेस्ट) के आधार पर शियान बागुहिन को हराकर जीत हासिल की। अब सेमीफाइनल में उनका सामना चीन की वू यू से होगा, जो पेरिस 2024 ओलंपिक की गोल्ड मेडलिस्ट हैं। यह निखत के लिए अब तक की सबसे कठिन चुनौती होगी।

**प्रिया और प्रीति भी चमकीं**

महिलाओं के 60 किलोग्राम वर्ग में प्रिया ने धैर्य और रणनीतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए चीन की चेंग्यू यांग को 4-1 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने टूनामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। फाइनल में जगह बनाने के लिए अब उनका मुकाबला मंगोलिया की नामून मोंखोर से होगा। वहीं, महिलाओं के 54 किलोग्राम वर्ग में वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स की गोल्ड मेडलिस्ट प्रीति पवार ने दिन का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने मंगोलिया की मुगुंटसेतसेग को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेंगी दिल्ली और मुंबई

## कैपिटल्स के शीर्ष क्रम पर रहेंगी नजरें

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में अपने कमजोर टॉप ऑर्डर से उबरकर बेहतर शुरूआत करनी होगी। वहीं, मुंबई अपनी मजबूत बल्लेबाजी और गेंदबाजी के दम पर जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी।

दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला शनिवार को अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस से होगा। इस मैच में सबसे ज्यादा नजरें दिल्ली के टॉप ऑर्डर बल्लेबाजों पर रहेंगी। पिछले सीजन में दिल्ली ने ओपनिंग के लिए कई संयोजन आजमाए थे, लेकिन स्थिरता नहीं मिल पाई। इस साल भी शुरूआत में वही समस्या दिखाई दी है।

**दिल्ली के शीर्ष क्रम पर रहेंगी नजरें**

लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ पहले मैच में 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरूआत बेहद खराब रही थी। केएल राहुल पहली ही गेंद पर आउट हो गए, जबकि नीतीश राणा और पथुम निसांका भी जल्दी पवेलियन लौट गए। टीम का स्कोर 26 रन पर चार विकेट हो गया था। ऐसे मुश्किल समय में 22 वर्षीय समीर रिजवी ने इ्पैक्ट प्लेयरह्न के रूप में शानदार बल्लेबाजी की और नाबाद अर्धशतक जड़ा। उन्होंने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ 119 रन की साझेदारी कर टीम को छह विकेट से जीत दिलाई।



**सलीम रिजवी ने किया प्रभावित**

हालांकि रिजवी का प्रदर्शन सकारात्मक संकेत है, लेकिन टॉप ऑर्डर की कमजोरी अब भी चिंता का विषय बनी हुई है। अब दिल्ली को जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले मजबूत मुंबई गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना है, जो आसान नहीं होगा। टीम के पास ओपनिंग में अभिषेक पोरेल या पृथ्वी शॉ जैसे विकल्प हैं, लेकिन स्थिरता जरूरी होगी।

**दिल्ली की गेंदबाजी में दम**

गेंदबाजी में दिल्ली की टीम मजबूत नजर आई है, भले ही मिचेल स्टार्क इस मैच में उपलब्ध नहीं होंगे। लुंगी एनगिडी ने धीमी गेंदों से प्रभावित किया है, जबकि टी नटराजन ने वापसी करते हुए तीन विकेट लिए।

मुकेश कुमार ने भी किफायती गेंदबाजी की। अब दिल्ली के गेंदबाजों के सामने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा जैसे खतरनाक बल्लेबाज होंगे, इसलिए उन्हें अपनी गेंदबाजी में विविधता बनाए रखनी होगी।

**दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11**

**दिल्ली कैपिटल्स:** केएल राहुल (विकेटकीपर), पथुम निसांका, नीतीश राणा, अक्षर पटेल (कप्तान), डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी/आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, कुलदीप यादव, लुंगी एनगिडी, मुकेश कुमार, टी नटराजन।

**मुंबई इंडियंस:** रोहित शर्मा, रेयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या (कप्तान), नमन धीर, शेरफेन रदरफोर्ड, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मयंक मारकंडेय, ट्रेंट बोल्ट।

दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2026 का मैच कब खेला जाएगा?

05 April -26 page 6 04-04-2026 10:06 PM Page 1






## मोदीनगर तहसील दिवस: डीएम ने दिखाई सख्ती शिकायतों के निस्तारण में देरी पर अधिकारियों को चेतावनी



**- सैकड़ों लोगों ने गैस की किल्लत और कालाबाजारी के खिलाफ नारेबाजी की।**

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** शनिवार को आयोजित 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने जनसमस्याओं की समीक्षा करते हुए लापरवाह अधिकारियों को आड़े हाथ लिया। डीएम ने पिछली शिकायतों के निस्तारण में देरी और खानापूर्ति करने वाले विभागों को चेतावनी दी कि यदि समय रहते गुणवत्तापूर्ण समाधान नहीं हुआ, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने गैस की किल्लत और कालाबाजारी के खिलाफ नारेबाजी की। किसान नेता डॉ. बबली गुर्जर ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में सिलेंडरों की भारी ब्लैक मार्केटिंग हो रही है और शादी-ब्याह के लिए लोगों को 4000 रुपये तक देने पड़ रहे हैं। एसडीएम ने एजेंसियों की स्वयं जांच करने का आश्वासन दिया। तहसील के चैंबर-विहीन अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से बिना चैंबर के कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चैंबर न होने से वादकारियों की गोपनीयता भंग होती है। अधिवक्ताओं ने जल्द से जल्द विधि व्यवसाय के लिए जगह उपलब्ध कराने की मांग की।

हिंदू और सामाजिक संगठनों ने बेगमाबाद-बुदाना मार्ग स्थित सरकारी बंजर भूमि को वक्फ बोर्ड और मस्जिद कमेटी के कब्जे से मुक्त कराने के लिए ज्ञापन दिया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि इस भूमि पर सरकारी अस्पताल, गौशाला या खेल का मैदान बनाया जाए और अवैध रूप से चल रहे मदरसे व दुकानों पर कार्रवाई की जाए।

## पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने झंडापुर में 10 लाख की लागत वाली 'शर्मा गली' का किया उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने झंडापुर गाँव स्थित 'शर्मा गली' का विधिवत उद्घाटन किया। लगभग 10 लाख रुपये की लागत से बनी इस गली के निर्माण से स्थानीय निवासियों को जलभराव और आवाजाही की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी।

उद्घाटन समारोह के दौरान पार्षद भूपेंद्र उपाधयाय ने नारियल तोड़कर विकास कार्य को जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है और आने वाले समय में वार्ड की अन्य गलियों व सड़कों का सुधारीकरण भी तेजी से किया जाएगा। इस अवसर पर संदीप त्यागी, अर्जुन शर्मा, सोनू शर्मा, सुमित शर्मा, मोनू चौहान, अभिषेक शर्मा, भूषण कुमार, सुरेन्द्र तोमर, पिंटू कुमार। स्थानीय निवासियों ने पार्षद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से इस गली के निर्माण की प्रतीक्षा थी, जो अब पूरी हो गई है।

## पार्षद यशपाल पहलवान ने गगन विहार में शुरू कराया विकास कार्य



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भोपुरा वार्ड-20 के पार्षद यशपाल पहलवान ने गगन विहार ब्लॉक-डी में कई विकास कार्यों चल रहे है। क्षेत्र की पुरानी समस्या को देखते हुए पार्षद ने यहाँ इंटरलॉकिंग टाइल्स और नई नालियों के निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान स्थानीय निवासियों ने पार्षद का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर पार्षद यशपाल पहलवान ने कहा कि मैंने चुनाव के समय जो भी वादे किए थे, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर रहा हूँ। गगन विहार की गलियों को आधुनिक और जलभराव मुक्त बनाना मेरा मुख्य लक्ष्य है।

इस विकास कार्य के शुभारंभ के अवसर पर गगन विहार के कई वरिष्ठ एवं सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर जय कसाना, राम लखन, योगी जी, अमित कल्याणी, सत्येंद्र कसाना सुनील बाबा, अमित चंदेला, दुर्गेश, राजू यादव, राकेश, बच्चू सिंह, रमेश, राजू चौहान और हरप्रसाद गौतम आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में गगन विहार के निवासियों ने पार्षद के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित इन कार्यों के शुरू होने से ब्लॉक-डी की तस्वीर बदल जाएगी।

## शिक्षा से ही प्रशस्त होगा 'विकसित भारत' का मार्ग : विधायक संजीव शर्मा

### 'स्कूल चलो अभियान 2026' का आगाज, मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेशव्यापी 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत शनिवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, विजय नगर में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक श्री संजीव शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया। इससे पूर्व, प्रातः 9:30 बजे वाराणसी के शिवपुर से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अभियान के शुभारंभ का सजीव प्रसारण सभी उपस्थित जनों द्वारा देखा गया।

स्वागत संबोधन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के प्रति अत्यंत गंभीर है। विद्यालयों में अब स्मार्ट क्लास, निपुणशाला, चिंपल एप और चैट बॉक्स जैसे आधुनिक संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने शिक्षकों को दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि शैक्षिक गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने शिक्षकों से शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि विधायक संजीव शर्मा ने नवीन शैक्षिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा, ₹शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है। यदि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित रहता है, तो इसके लिए हम सबकी जिम्मेदारी तय की जाएगी।₹ उन्होंने सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं जैसे–निशुल्क पाठ्य पुस्तकें, दो जोड़ी यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, बैग और मिड-डे मील का उल्लेख करते हुए इसे 'विकसित भारत' की आधारशिला बताया।

कार्यक्रम में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने गणेश वंदना और प्राथमिक विद्यालय खोड़ा (लोनी) के बच्चों ने 'स्कूल चलो अभियान' गीत पर मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विधायक जी ने कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों के सेट वितरित किए।

कार्यक्रम के समापन पर जनसमुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशाल रैली निकाली गई। विधायक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। हाथों में शिक्षाप्रद नारों की तख्तियां लिए बच्चे 'आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे' जैसे नारों के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर निकले।

जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन एसआरजी पूनम शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती विभा चौहान, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अभिषेक यादव, वित्त एवं लेखाधिकारी विकास बघेल, जिला समन्वयक डॉ. राकेश, अनुभव गुप्ता, तनुजा शर्मा, नीरज खटाना, नीतू, योगेंद्र, अनिल कुमार, राजपाल सहित भारी संख्या में शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## चौधरी चरण सिंह पर आपत्तिजनक टिप्पणी रालोद ने थाने में दर्ज कराया मुकदमा



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के कार्यकताओं में भारी रोष है। रालोद जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी के आह्वान पर बड़ी संख्या में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

**मामला क्या है? :** आरोप है कि अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक अध्यक्ष रामावतार पलसानिया (निवासी राजस्थान) ने फेसबुक लाइव के दौरान किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह पर विवादित बयान दिए। रालोद नेताओं का कहना है कि इस वीडियो से समाज में तनाव और वैमनस्य फैलाने का प्रयास किया गया है।

**पुलिस कार्रवाई:** नगर अध्यक्ष मनोज त्यागी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। रालोद कार्यकताओं ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, योगेंद्र पतला, रणबीर दहिया और देवेंद्र चौधरी सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

## उपभोक्ताओं के लिए राहत, जिले की सभी इंडेन गैस एजेंसियों पर सुचारु हुई आपूर्ति



**हापुड़, करंट क्राइम।** हापुड़ जिले के इंडेन गैस उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। अब जनपद की सभी इंडेन गैस एजेंसियों पर परिचालन पूरी तरह सामान्य हो गया है। गैस आपूर्ति की समस्या के समाधान के साथ ही अब सभी उपभोक्ताओं को उनके घर तक सिलेंडर की होम डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है। हापुड़ में कुल 14 इंडेन की गैस एजेंसी है।

## परमीश वर्मा की स्टार नाइट और सनबर्न के साथ 'जेनरो-26' का हुआ समापन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ए.बी.ई.एस. कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक टेक्नो-कल्चरल महोत्सव 'जेनरो-26 : द एटर्नल लेगेसी' का शनिवार को रंगारंग समापन हो गया। 50 से अधिक तकनीकी और सांस्कृतिक स्पर्धाओं वाले इस महाकुंभ में अंतिम दिन पंजाबी पॉप स्टार परमीश वर्मा ने अपने हिट गानों से छात्रों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

समापन संध्या पर परमीश वर्मा के 'गाल नी कढ़नी' और 'आम जेह मुंडे' जैसे गीतों के बाद डीजे मुनेका ने



सनबर्न नाइट में अपनी बीट्स पर पूरे परिसर को जोश से भर दिया। इससे पूर्व सूफी नाइट में निजामी बंधु की कव्वाली और गायिका अपूर्वा चौहान की लाइव प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोहा। तीन दिनों तक चले इस उत्सव में टेक्नो एक्सपो, आइडिएथॉन, नाटक 'अंधा युग' और फैशन शो जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों ने अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया।

कॉलेज के चेयरमैन नीरज गोयल और जनरल सेक्रेटरी शाश्वत गोयल ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए इसे तकनीकी और सांस्कृतिक गतिविधियों का बेहतरीन समन्वय बताया। निदेशक प्रो. डॉ. आलोक चौहान ने आयोजन समिति और छात्रों के सामूहिक प्रयास की सराहना की। मीडिया प्रभारी डॉ. तरुण अरोड़ा के अनुसार, इस आयोजन ने छात्रों की ऊर्जा और प्रतिभा को एक वैश्विक मंच प्रदान किया है।

## निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल, 8 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** निजी स्कूलों में महंगी प्राइवेट किताबों के नाम पर हो रहे अभिभावकों के शोषण के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को तहसील का घेराव किया। शहर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता सुनील शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कमीशनखोरी पर रोक लगाने की मांग की।

कांग्रेस का आरोप है कि सीबीएसई स्कूलों में नर्सरी से 12वीं तक एनसीईआरटी के बजाय निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें जबरन थोपी जा रही हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। शिक्षा की आड़ में निजी प्रकाशकों से कमीशन लेकर अभिभावकों पर भारी आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। सुनील शर्मा ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने स्कूलों में केवल एनसीईआरटी किताबें अनिवार्य रूप से लागू नहीं करवाईं, तो कांग्रेस पार्टी 8 अप्रैल से तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेगी। प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष चांद वीर चौधरी, राकेश सोनी और सीएन वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मोदीनगर में भूकंप के झटके: दहशत में घरों से बाहर निकले लोग

मोदीनगर, करंट क्राइम। शुक्रवार रात करीब 9 :50 बजे आए भूकंप के झटकों से पूरे शहर में अफरा-तफरी मच गई। कंपन महसूस होते ही गांधी नगर, गोविंदपुरी, संजय नगर, और हापुड़ रोड सहित विभिन्न सोसाइटियों के लोग अपने घरों से निकलकर खुले मैदानों और पार्कों में जमा हो गए। झटके इतने प्रभावी थे कि घरों के पंखे और सामान हिलने लगे, जिससे लोग घबरा गए। मोती सिटी, सूरत सिटी, हरमुखपुरी, पटेल नगर और निवाड़ी सहित आसपास के इलाकों में हलचल महसूस की गई। लोगों ने पार्कों में एकत्रित होकर एक-दूसरे का हाल जाना और काफी समय तक घर लौटने का साहस नहीं जुटा सके।

## बैंक से 32 लाख गायब होने पर फूटा गुस्सा पीड़ित परिवार ने दी आत्मदाह की चेतावनी




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में हुए 32 लाख रुपये के कथित फजीवाड़े के मामले में 40 दिन बाद भी कोई कार्रवाई न होने से नाराज पीड़ित डॉ. श्रवण कुमार शर्मा के परिवार और समर्थकों ने तहसील में जोरदार प्रदर्शन किया। पीड़ित परिवार ने बैंक प्रबंधन और स्थानीय पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला और उपजिलाधिकारी (रउद्ब) को ज्ञापन सौंपा। परिजनों का आरोप है कि बैंक से उनकी जमा पूंजी गायब हो गई है, लेकिन अब तक न तो पैसा वापस मिला और न ही बैंक मैनेजर पर कोई कानूनी शिकंजा कसा गया है।

पीड़ित परिवार ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी रकम वापस नहीं मिली और दोषियों पर रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई, तो वे तहसील में आत्मदाह कर लेंगे। अजीत कुमार सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 10 दिन के भीतर उच्चस्तरीय जांच और उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है। प्रदर्शन में पूर्व सभासद बबिता शर्मा, किसान नेता डॉ. बबली गुर्जर सहित कई राजनीतिक दलों के नेता और डॉक्टर शामिल रहे।

## हिंदी भवन में श्रीकृष्ण भक्ति संध्या

### सुरभि दीदी के संदेशों से कृष्णमय हुआ गाजियाबाद

### अप्राप्य की प्राप्ति, प्रेम की पराकाष्ठा और राष्ट्रधर्म पर केंद्रित रहा आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के हिंदी भवन में पावन चिंतन धारा आश्रम, मुरादनगर और लोक कल्याण सेवा संस्थान के तत्वावधान में श्रीकृष्ण भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतुल गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। परम पूज्य डॉ. पवन सिन्हा ने भक्तों को संबोधित करते हुए पाखंड से दूर रहकर धर्म के वास्तविक स्वरूप को समझने का संदेश दिया। उन्होंने आत्म परिवर्तन, नर सेवा और शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए ऋषिकुलशाला की उपलब्धि का उल्लेख किया।

श्रीगुरु माँ डॉ. कविता अस्थाना ने कहा कि भक्ति संध्या का उद्देश्य युवाओं को श्रीकृष्ण के सही स्वरूप और राष्ट्रधर्म से जोड़ना है तथा समाज की भागीदारी से ही सेवा कार्य संभव है। व्यासपीठ से महिमा वाचक सुरभि दीदी ने श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों के माध्यम से भक्ति, प्रेम और कर्म का गूढ़ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भक्ति प्रेम की वह पराकाष्ठा है, जहां भक्त और भगवान में भेद समाप्त हो जाता है। साथ ही राष्ट्रधर्म, अनुशासन और सकारात्मक सोच को जीवन का आधार बताया। सुर साधक मंडली के डॉ. संजय अन्डूरकर, ख्याति, करण मल्होत्रा और आस्तिक सिन्हा अस्थाना के भजनों से पूरा सभागार भक्तिमय हो गया।



कार्यक्रम में अनिल अग्रवाल साँवरियाँ, अनिल कुमार गर्ग, अरुण कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार गोयल, लोकेश गोयल, देवेंद्र हितकरी, श्वेता गुप्ता, हिमाली अग्रवाल सहित संदीप सिंघल, प्रदीप चौहान, रवि कटारिया, संगीता शर्मा, योगेन्द्र सिंह, सीमा गोयल, आशु बिंदल, विभा रावत, विनीता अग्रवाल, डॉ अनिल अग्रवाल, राज कौशिक, भानु सिसोदिया, सुधीर अग्रवाल, पृथ्वी सिंह कसाना, शेखर, अमर दत्त शर्मा आदि की उपस्थिति रही। अंत में अनिल साँवरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने भक्ति संध्या का आनंद लिया।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पार्षद राजकुमार भाटी का व्यक्तित्व ही कुछ ऐसा है कि वो सबकी खुशी में शामिल होते हैं। जब मौका उनके जन्मदिन का था तो फिर हर कोई उनकी खुशी में शामिल हुआ। सबने उन्हें जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं। सभी ने पार्षद राजकुमार भाटी की लंबी आयु उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। पार्षद राजकुमार भाटी ने अपने जन्मदिन पर बधाई और शुभकामना देने वाले सभी शुभचिंतकों और समर्थकों का आभार व्यक्त किया। जन्मदिन की खुशियों को समेटे यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# यूक्रेन व ईरान ने युद्ध को बना तकनीकी दौड़ का खेल

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच बीते एक महीने से जारी युद्ध में तकनीकी पहलुओं का जबरदस्त इस्तेमाल हुआ है। इनमें रडार-मिसाइल डिफेंस सिस्टम से लेकर ड्रोन्स तक का इस्तेमाल हुआ। विश्लेषकों का मानना है कि इस संघर्ष में रूस-यूक्रेन युद्ध से काफी समानताएं देखने को मिली हैं।

इधर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप अपनी सेना को दुनिया की सबसे महान, सक्षम, शक्तिशाली सेना बताते हैं और उधर ईरान के ह्यचींटीह्ल जैसे ड्रोन उसके स्टील्थ फाइटर जेट की हवा निकाल देते हैं। वायुसेना के पूर्व एयर वाइस मार्शल एनबी सिंह कहते हैं कि यूक्रेन-रूस युद्ध शुरू होने के बाद मिलिट्री डॉक्टरिन नई दिशा में बढ़ी थी, लेकिन ईरान-अमेरिका-इजरायल युद्ध ने पूरा खेल ही पलट दिया है।

एनबी सिंह कहते हैं कि ईरान के आसमान में आज अमेरिका का फाइटर जेट गिरा। उसके एक और फाइटर जेट से ईरान के ड्रोन ने ह्यडाग फाइटह्ल की



और गिरा दिया। बेमिसाल इंजीनियरिंग का कमाल बनी प्रतिरक्षा प्रणालियों को ध्वस्त कर दिया। सिंह कहते हैं कि युद्ध तो धैर्य और सामरिक रणनीति का खेल है। वह कहते हैं कि मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि आने वाले समय में युद्ध हथियारों की ह्यतकनीकी दौड़ह्ल बनेगा। बड़े भारी-भरकम और बड़े बजट वाले अस्त्र शस्त्रों से ज्यादा तकनीकी रूप से दक्ष छोटे हथियार कहर बरपाएंगे। हालांकि सिंह का कहना है कि बड़े हथियारों की जरूरत कभी खत्म नहीं होगी, लेकिन ह्यटैक्टिकल वारफेयरह्ल से युद्ध के खर्चे बहुत हद तक सीमित किए जा सकेंगे।

युद्ध के मैदान में हाथी को चींटी से डर लगने लगा। पुरानी कहावत सच साबित हो रही है। यूक्रेन ने सबसे पहले तकनीकी दौड़ को शुरू किया था। यूक्रेन की छोटी तकनीक से निपटने के लिए रूस को बड़ा बदलाव करना पड़ा और ईरान के शाहेद और आत्मघाती ड्रोन पर निर्भरता बढ़ानी पड़ी। यूक्रेन की पोर्टेबल मिसाइलों ने रूस के घातक भारी भरकम हथियारों को निशाना बनाना शुरू किया। एफपीवी ड्रोन्स ने 4.5 करोड़ डालर मूल्य की मिसाइलों को धता बता दिया। लाखों डालर के टैंक देखते-देखते तबाह होने लगे। 20 किमी तक हमला करने में सक्षम इन ड्रोन ने पूरी जमीन हिला दी। यूक्रेन ने एगोर्नेमिक असाल्ट राइफलों और लंबी दूरी की स्नाइपर राइफलों से रूस को सोचने पर मजबूर कर दिया।

अब पश्चिम एशिया की बात। अमेरिका के दो बड़े विमान वाहक युद्ध पोत यूएसएस फोर्ड और लिंकन (चलते फिरते युद्ध के मैदान) पर दुनिया की निगाह टिकी थी। पैट्रिएट से लेकर थॉड, इस्राइल के आयरन डोम से लेकर न जाने क्या-क्या? एफ-35 लाइटेनिंग जैसे पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमान, टॉम हॉक मिसाइलें, बंकर बस्टर बम, इस्राइल की स्पैरो मिसाइल और अंत में समुद्र के भीतर तबाही मचा देने वाले खतरनाक हथियार। 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त सैन्य अभियान में ईरान की टॉप लीडरशिप के मारे जाने के बाद सब ईरान के घुटने टेकने का अनुमान लगाए बैठे थे, लेकिन 35 दिन बाद भी ईरान खड़ा है। दुनिया के 100 देश इसके असर से लहूलुहान हैं और अमेरिका-इस्राइल की संयुक्त ताकत अभी अपनी जीत का कोई भरोसा नहीं दे पा रही है।

**शाहेद, मोहाजेर ने पश्चिम एशिया में फैलाई दहशत**

ईरान अब तक 580 के करीब बैलिस्टिक मिसाइल दाग चुका है। इसके 1380 के करीब ड्रोन ने अमेरिका, इस्राइल, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, बहरीन, कतर समेत अन्य की नींद हराम कर रखी है। काफी नीचे से उड़ान भरते हुए यह दुश्मन के ठिकाने को तबाह कर देते हैं।

### हर दिन अरबों डालर स्वाहा, ऊपर से तेल और गैस के लिए तरस रही 20 प्रतिशत दुनिया

20 प्रतिशत दुनिया के देशों की चिंता एलपीजी और तेल को लेकर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रति बैरल कीमत 111 डालर को पार कर रही है। वहीं, अमेरिका का हर रोज का युद्ध का खर्च 1 अरब डॉलर(9000 कोरड़ रुपये) से अधिक का है। एक अनुमान के मुताबिक अब तक अमेरिका के इस युद्ध में 34.5 से 36.5 अरब डॉलर स्वाहा हो चुके हैं। इस्राइल के बारे में अनुमान है कि हर रोज उसे 270 से 300 मिलियन डॉलर तक खर्च करना पड़ रहा है। नुकसान अलग। इस्राइल अक्तूबर 2023 से हमास, हिज्बुल्ला, हूती, ईरान से लड़ रहा है। ईराक और सीरिया में भी बमबारी की है। एक अनुमान के मुताबिक वह 115 अरब डलर से अधिक अब तक स्वाहा कर चुका है।

# ईरान युद्ध में मध्यस्थ बन रहे पाक को यूएई ने दिखाया आईना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान एक तरफ ईरान युद्ध की मध्यस्थता का दंभ भर रहा है। हालांकि ईरान खुद पाकिस्तान की मध्यस्थता की पेशकश को ठुकरा चुका है। अब संयुक्त अरब अमीरात ने पाकिस्तान को उसकी हैसियत दिखाते हुए अपना साढ़े तीन अरब डॉलर का कर्ज वापस मांग लिया है।

ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष खत्म करने के लिए पाकिस्तान मध्यस्थता करने की कोशिश कर रहा है। हालांकि इस बीच यूएई ने उसे आईना दिखाते हुए अपना 3.5 अरब डॉलर का कर्ज वापस मांग लिया है। आर्थिक मोर्चे पर तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान को संयुक्त अरब अमीरात के इस कदम से बड़ा झटका लगा है। यूएई की तरफ से कर्ज चुकाने की अवधि को बार-बार बढ़ाया जा रहा था। हालांकि, शुक्रवार को आई मीडिया रिपोर्ट्स में साफ किया गया है कि यूएई ने पाकिस्तान से इस महीने के अंत तक सारा कर्ज वापस करने के लिए कहा है।

मौजूदा समय में पाकिस्तान के




पास विदेशी मुद्रा भंडार में 21 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि है। विदेशी मुद्रा भंडार की राशि से पाकिस्तान फिलहाल यूएई को कर्ज चुका सकता है, लेकिन आने वाले महीनों में देश को बाहरी वित्तीय मदद की आवश्यकता पड़ सकती है। हालांकि, पाकिस्तान दुनिया के अन्य देशों के सामने हाथ फैलाकर ही अपनी गाड़ी को आगे खींच रहा है। 31 मार्च 2026 तक पाकिस्तान ने आईएमएफ से लगभग 729 करोड़ डॉलर का कर्ज ले रखा है। ट्रेडिंग इकोनॉमिक्स के अनुसार, पाकिस्तान पर कुल विदेशी कर्ज दिसंबर 2025 की दूसरी तिमाही तक लगभग 138 अरब डॉलर पहुंच गया है।

# आधी दुनिया से ज्यादा दौलत मुट्ठीभर अमीरों ने छिपाई

## टैक्स हेवन ने बढ़ाई वैश्विक असमानता, ऑक्सफैम का खुलासा

**लंदन।** ऑक्सफैम की रिपोर्ट में खुलासा कि दुनिया के सबसे अमीर 0.1% ने टैक्स हेवन में छिपाई इतनी संपत्ति जो आधी वैश्विक आबादी के बराबर है।



**दुनिया में गरीबी की असली वजह क्या है...**संसाधनों की कमी या संसाधनों का असमान बंटवारा। ऑक्सफैम की ताजा रिपोर्ट इस बहस को नई दिशा देती है। रिपोर्ट बताती है कि दुनिया के सबसे अमीर 0.1 फीसदी लोगों ने टैक्स से बचने के लिए विदेशों में इतनी संपत्ति छिपा रखी है, जो करीब 410 करोड़ लोगों यानी आधी वैश्विक आबादी की कुल संपत्ति से भी ज्यादा है। यह खुलासा वैश्विक आर्थिक ढांचे में मौजूद गहरी खाई को उजागर करता है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था की एक कठोर सच्चाई यह है कि दौलत का बड़ा हिस्सा बेहद सीमित हाथों में सिमटता जा रहा है और उसका भी एक महत्वपूर्ण भाग पारदर्शी व्यवस्था से बाहर रखा गया है। 2024 में करीब 3.55 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति विभिन्न टैक्स हेवन देशों और ऑफशोर खातों में रखी गई।

तुलना करें तो यह रकम फ्रांस की पूरी अर्थव्यवस्था से भी अधिक है और दुनिया के 44 सबसे कमजोर देशों की कुल जीडीपी के मुकाबले दोगुने से ज्यादा बैठती है। यह सिर्फ छिपी हुई संपत्ति नहीं, बल्कि एक समानांतर वित्तीय दुनिया का संकेत है।

ऑक्सफैम इंटरनेशनल के टैक्स विशेषज्ञ क्रिश्चियन हॉलम के मुताबिक पनामा पेपर्स ने वैश्विक वित्तीय गोपनीयता के उस नेटवर्क को उजागर किया था, जहां अमीर अपनी संपत्ति को टैक्स और निगरानी से दूर रखते हैं। लेकिन एक दशक बाद भी यह प्रवृत्ति जारी है।

**टैक्स बचत का असर आम जनता पर:** रिपोर्ट इस मुद्दे को केवल वित्तीय नहीं बल्कि सामाजिक न्याय के नजरिए से देखती है। जब बड़ी संपत्ति वाले लोग टैक्स से बचते हैं, तो सरकारों के पास सार्वजनिक सेवाओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा के लिए संसाधन सीमित हो जाते हैं। इसका सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ता है और असमानता का चक्र और मजबूत होता है।

# वॉशिंगटन डीसी मेयर चुनाव में भारतीय मूल की रिनी संपत बनीं उम्मीदवार

**वॉशिंगटन।** तमिलनाडु में जन्मी भारतीय-अमेरिकी रिनी संपत वॉशिंगटन डीसी मेयर चुनाव के बैलेट में पहुंचने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बनीं। अमेरिका की राजनीति में भारतीय मूल के लोगों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में रिनी संपत ने इतिहास रचते हुए वॉशिंगटन डीसी मेयर चुनाव के बैलेट में जगह बना ली है। वह इस पद के लिए बैलेट तक पहुंचने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बन गई हैं। तमिलनाडु के थेनी में जन्मी रिनी संपत बचपन में ही अमेरिका चली गई थीं। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि सिर्फ उनके लिए नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशियाई समुदाय के लिए गर्व का पल है।

**अमेरिकन ड्रीम से राजनीति तक का सफर:** रिनी ने कहा कि वह सात साल की उम्र में अमेरिकन ड्रीम को पूरा करने के लिए अमेरिका आई थीं।



अब उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह सपना वॉशिंगटन डीसी के हर नागरिक के लिए हकीकत बने। उनके अभियान के मुताबिक, 4,500 से ज्यादा लोगों ने उनके समर्थन में हस्ताक्षर किए, जिसके बाद उन्हें आधिकारिक तौर पर बैलेट में जगह मिली।

31 वर्षीय रिनी संपत पिछले एक दशक से वॉशिंगटन डीसी में रह रही हैं और एक सरकारी ठेकेदार के रूप में काम कर चुकी हैं। उनका चुनावी एजेंडा शहर की बुनियादी समस्याओं को सुधारने पर केंद्रित है।

# ईरान के बुशहर परमाणु केंद्र के पास हवाई हमला, एक गार्ड की मौत; इमारत क्षतिग्रस्त

**तेहरान।** ईरानी सशस्त्र बलों के केंद्रीय मुख्यालय ने अमेरिका और उसके क्षेत्रीय सहयोगियों को विनाशकारी हमलों की चेतावनी दी है। प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फाघारी ने एक बयान में कहा कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति की धमकियों को अमल में लाया गया, तो ईरान की सशस्त्र सेनाएं भारी बल का प्रयोग करेंगी।



ईरान की परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने बताया कि देश के बुशहर परमाणु केंद्र के पास एक हवाई हमले में एक सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक हमले में परमाणु केंद्र के पास की एक इमारत भी क्षतिग्रस्त हो गई है। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब पश्चिम एशिया क्षेत्र में तनाव बढ़ता जा रहा है।

ईरान की परमाणु एजेंसी ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह हमला किसने किया या इसके पीछे क्या कारण हो सकते हैं? बुशहर परमाणु केंद्र ईरान की ऊर्जा उत्पादन क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह फैसिलिटी ईरान के परमाणु कार्यक्रम का एक प्रमुख केंद्र है और इसके आसपास किसी भी प्रकार की सैन्य गतिविधि क्षेत्र की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बन सकती है।

**परमाणु केंद्र पर चौथी बार हुआ हमला:** जारी किए गए बयान के अनुसार यह चौथी बार है, जब बुशहर परमाणु केंद्र पर युद्ध के दौरान हमला हुआ है। यह तथ्य इस सुविधा की संवेदनशीलता और क्षेत्र में चल रहे संघर्षों के संभावित प्रभाव को रेखांकित करता है। इस हमले से पश्चिम एशिया क्षेत्र में अस्थिरता को और बढ़ा सकते हैं।

**फारस की खाड़ी के पास स्थित है बुशहर परमाणु संयंत्र**

ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम के अनुसार, इस हमले से संयंत्र के मुख्य हिस्सों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और उत्पादन अप्रभावित बताया जा रहा है। हालांकि, संयंत्र के मुख्य परिचालन पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है।

# ट्रंप ने अमेरिकी इतिहास के सबसे बड़े रक्षा बजट का प्रस्ताव रखा, शिक्षा-विदेशी मदद में कटौती की तैयारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने डेढ़ खरब डॉलर के ऐतिहासिक रक्षा बजट का प्रस्ताव रखा है। यह अब तक का सबसे बड़ा रक्षा बजट है। इसके लिए ट्रंप प्रशासन कई अहम कार्यक्रमों में बजट कटौती करने की तैयारी कर रहा है। इसके चलते विपक्षी दल इस बजट बढ़ोतरी का विरोध कर रहा है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वित्त वर्ष 2027 के लिए अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा रक्षा बजट पेश किया है। ट्रंप प्रशासन ने डेढ़ खरब डॉलर के रिकॉर्ड रक्षा बजट का प्रस्ताव पेश किया है। यह रक्षा बजट में 44 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि है, जिससे पेंटागन के खर्च में खासी बढ़ोतरी होगी। रक्षा बजट बढ़ाने के लिए कई घरेलू कार्यक्रमों में कटौती करने की तैयारी है। व्हाइट हाउस ने अपने



आधिकारिक बजट प्रस्ताव में कहा, 'राष्ट्रीय रक्षा के लिए पहले दिए गए ऐतिहासिक 1 खरब डॉलर के बजट को आगे बढ़ाते हुए 2027 के लिए 1.5 खरब डॉलर की मांग की गई है, जो 44 प्रतिशत की वृद्धि है।'

अमेरिका को दुनिया का सबसे ताकतवर देश बनाए रखने की कवायद अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि यह प्रस्ताव बढ़ते सुरक्षा दबावों के बीच अमेरिका की सैन्य बढ़त को बनाए रखने में मदद करेगा। दस्तावेज में कहा गया, '2027 का बजट इस वादे को सुनिश्चित करेगा कि अमेरिका दुनिया की सबसे शक्तिशाली और सक्षम सेना बनाए रखे।' प्रस्ताव में लगभग 1.1 खरब डॉलर का आधारभूत रक्षा खर्च शामिल है, जबकि करीब 350 अरब डॉलर गोला-बारूद उत्पादन और रक्षा औद्योगिक ढांचे के विस्तार के लिए निर्धारित किए गए हैं। इस बजट का एक प्रमुख हिस्सा 'गोल्डन डोम' मिसाइल रक्षा प्रणाली विकसित करने के लिए रखा गया है।

व्हाइट हाउस के अनुसार, गोल्डन डोम परियोजना को मजबूत वित्तीय समर्थन दिया जाएगा और इसे घरेलू सुरक्षा रणनीति के तहत प्राथमिकता मिलेगी। बजट में जहाज निर्माण के लिए 65.8 अरब डॉलर का प्रावधान भी किया गया है, जिसमें नए युद्धपोत और सहायक पोत बनाने की योजना है। साथ ही, सैन्य कर्मियों के वेतन में वृद्धि का भी प्रस्ताव है, जिसमें ई-5 और उससे नीचे के रैंक के जवानों के लिए 7 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी शामिल है।

# ईरान की मिसाइल शक्ति ने अमेरिकी हवाई दबदबा तोड़ा

## एफ-15 और ए-10 गिराए, एक पायलट अभी भी लापता

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान ने 20 साल बाद पहली बार अमेरिकी सैन्य विमानों को मार गिराया है। यह घटना ईरान की जवाबी कार्रवाई की क्षमता को दशार्ती है, भले ही अमेरिका ने उसे तबाह करने का दावा किया हो।

ईरान द्वारा दो अमेरिकी सैन्य विमानों को मार गिराया जाना अमेरिका के लिए एक दुर्लभ घटना है, जो पिछले 20 वर्षों में पहली बार हुई है। यह घटना इस्लामिक गणराज्य की जवाबी कार्रवाई करने की क्षमता को दशार्ती है, भले ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया हो कि ईरान को पूरी तरह से तबाह कर दिया गया है।

यह हमले अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर किए गए शुरूआती हमलों के पांच सप्ताह बाद हुए। राष्ट्रपति ट्रंप ने इस हफ्ते की शुरूआत में कहा था कि तेहरान की मिसाइलों और ड्रोनों को लॉन्च करने की क्षमता पूरी तरह से नष्ट दी गई है।

**ईरान का दावा और अमेरिकी हताहतः** ईरान ने शुक्रवार को एक अमेरिकी एफ-15ई स्ट्राइक ईगल लड़ाकू जेट को मार गिराया। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, एक सेवा सदस्य को बचा लिया गया है और दूसरे की तलाश जारी है। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह भी बताया कि ईरानी रक्षा बलों द्वारा मार गिराए जाने के बाद एक अमेरिकी ए-10 अटैक एयरक्राफ्ट दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



अमेरिकी वायु सेना के सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर जनरल ह्यूस्टन कैंटवेल, जो एक पूर्व एफ-16 लड़ाकू पायलट थे, ने बताया कि आखिरी बार किसी अमेरिकी लड़ाकू जेट को युद्ध में 2003 में इराक पर अमेरिकी आक्रमण के दौरान एक ए-10 थंडरबोल्ट क्क को मार गिराया गया था। हालांकि, उन्होंने कहा कि उस समय अमेरिका मुख्य रूप से ऐसे विद्रोहियों से लड़ रहा था जिनके पास एंटी-एयरक्राफ्ट क्षमताएं नहीं थीं। कैंटवेल के अनुसार, ईरान में अधिक लड़ाकू विमानों के नुकसान न होने का तथ्य अमेरिकी बलों की क्षमताओं का प्रमाण है।

कैंटवेल, जिन्होंने चार युद्ध अभियानों में सेवा दी है और अब एयरोस्पेस स्टडीज के मिशेल इंस्टीट्यूट में एक वरिष्ठ निवासी फेलो हैं, ने कहा यह तथ्य कि यह अब तक नहीं हुआ है, एक पूर्ण चमत्कार है। हम यहां युद्ध मिशन उड़ा रहे हैं, उन पर हर दिन गोली चलाई जा रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि संभवतः कंधे पर रखकर दागी जाने वाली मिसाइल का इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बुधवार को एक बयान में कहा कि अमेरिकी बलों ने ईरान युद्ध में 13,000 से अधिक मिशन उड़ाए हैं और 12,300 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया है।

# ईरान की जमीन से कैसे निकल आया अमेरिकी पायलट

## क्या होती है ट्रेनिंग, किस टीम को मिली थी बचाने की जिम्मेदारी

**वाशिंगटन।** ईरान की तरफ से अमेरिका के एयरक्राफ्ट्स को निशाना बनाए जाने का सिलसिला जारी है। इस बीच शुक्रवार को ईरानी सेना की तरफ से एक एफ-15ई फाइटर जेट को मार गिराया गया। इसके दोनों पायलट ईरान की धरती पर ही इजेक्ट हो गए। इन्हें पकड़ने के लिए ईरान की सेना ने अभियान शुरू किया। इसके बावजूद अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज ने एक पायलट को सुरक्षित निकाल लिया।

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध शुरू हुए अब पांच हफ्ते पूरे हो चुके हैं। इस बीच जंग के जल्द खत्म होने के आसार नजर नहीं आ रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में राष्ट्र के नाम संबोधन में साफ कर दिया कि अमेरिका अपने लक्ष्यों को पूरा करने के बाद ही ईरान से निकलेगा। उन्होंने इससे पहले ईरान में संघर्ष को खत्म करने के लिए कम से कम दो से तीन हफ्ते और लगने की बात कही थी।

इस बीच शुक्रवार को एक बार फिर खबरें आईं कि ईरान ने अमेरिका के दो फाइटर जेट्स और एक हेलीकॉप्टर को निशाना बनाया है।



ईरानी मीडिया ने दावा किया कि उसने एफ-35 फाइटर जेट, एफ-15 लड़ाकू विमान और एक अमेरिकी चॉपर को मार गिराया। इतना ही नहीं एक लड़ाकू विमान के दो क्रू सदस्यों के ईरान की धरती पर ही फंसने की खबरें सामने आईं। इस पूरे घटनाक्रम के बीच दुनियाभर में कुछ बड़े सवाल उठ रहे हैं। आखिर कैसे ईरानी मिसाइल के हमले और इसमें लड़ाकू विमान के तबाह होने के बावजूद अमेरिकी फाइटर पायलट जिंदा बच गए? उनकी किस तरह की ट्रेनिंग हमले की स्थितियों में उनकी मदद करती है? किसी दुश्मन देश की धरती पर गिरने के बाद ये फाइटर पायलट अपना बचाव कैसे करते हैं? आखिर वह कौन सी रेस्क्यू टीम है, जो तमाम मुश्किलों और खतरों के बीच भी ईरान से एक फाइटर पायलट को बचा लाई?

**किस खास तरह की ट्रेनिंग से तैयार होते हैं फाइटर पायलट?**

अमेरिका में पायलटों को लड़ाकू विमान के ध्वस्त हो जाने और खतरे वाली जगहों पर गिरने के बाद बच निकलने की खास ट्रेनिंग दी जाती है। इसे सेरे ट्रेनिंग भी कहा जाता है। इसका पूरा अर्थ है- 'सर्वाइवल, इवेजन, रेजिस्टेंस एंड एस्केप' ट्रेनिंग यानी पहले जिंदा बचने, फिर दुश्मन की नजर से बचने, जरूरत पड़ने पर लड़ाई करने और भाग निकलना। अमेरिकी मीडिया ग्रुप सीएनए से बातचीत में रिटायर्ड कर्नल सेड्रिक लेटन ने बताया कि पायलट की यह ट्रेनिंग उन्हें मुश्किल परिस्थितियों से बच निकलने में मदद करती है।

**लड़ाकू विमान के तबाह होने के बाद कैसे जिंदा बचते हैं पायलट?**

लड़ाकू विमान के पायलटों को दुश्मन के किसी भी हमले को भांपते हुए अपने एयरक्राफ्ट से ज्यादा अपनी जान को प्राथमिकता देने की ट्रेनिंग दी जाती है। ऐसे में विमान पर हमले से ठीक पहले पायलट लड़ाकू विमान से तुरंत अलग हो जाने वाली इजेक्शन सीट का इस्तेमाल कर के खुद को खतरे से बाहर निकाल सकते हैं। इस दौरान, पायलट के साथ इजेक्शन सीट के नीचे मौजूद उनकी सर्वाइवल किट और सर्वाइवल वेस्ट भी होती है, जो दुश्मन की जमीन पर उतरने के बाद छिपने और जिंदा रहने में काम आती है।

### दुश्मन की धरती पर गिरने के बाद कैसे करते हैं अपना बचाव

- पैराशूट से नीचे आते समय ही पायलट अपने आसपास के इलाके का जायजा लेते हैं और यह तय कर लेते हैं कि उन्हें कहां छिपना है और किन जगहों से बचना है।
- जमीन पर उतरते ही उनकी पहली प्राथमिकता अपनी चोटों की जांच करना, खुद के छिपने के इंतजाम करना, पानी खोजना और दुश्मन की कैद से बचना होता है।
- इसके बाद यह पायलट सुरक्षित निकासी स्थान तक पहुंचने की कोशिश शुरू करते हैं। इसके लिए वे अक्सर रात के अंधेरे में ही आगे बढ़ते हैं।

# जर्मनी में पुरुषों के देश छोड़ने पर रोक: सरकार का एलान, 17-45 साल के लोग बाहर नहीं जा सकेंगे

**संयुक्त राष्ट्र।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच आज यूरोपीय देश जर्मनी ने बड़ा फैसला लिया। जर्मनी में आई स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक देश की सरकार ने 17-45 साल आयुवर्ग के पुरुषों पर देश छोड़ने के मामले में पाबंदियां लगाई हैं।

जर्मनी में 17 से 45 साल के पुरुषों की विदेश यात्रा को लेकर बड़ा बदलाव सामने आया है। सरकार ने नई व्यवस्था लागू की है, जिसके तहत इस आयु वर्ग के पुरुषों को तीन महीने से ज्यादा समय के लिए देश छोड़ने से पहले अनुमति लेनी होगी। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब जर्मनी अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अब अगर कोई पुरुष तीन महीने से ज्यादा समय के लिए पढ़ाई, नौकरी या किसी अन्य कारण से विदेश जाना चाहता है, तो उसे जर्मन सेना यानी बुंडेसवेहर से मंजूरी लेनी होगी। यह नियम 1 जनवरी 2026 से लागू किया गया है। पहले यह नियम सिर्फ आपात स्थिति या युद्ध



जैसे हालात में लागू होता था, लेकिन अब इसे सामान्य समय में भी लागू कर दिया गया है।

**क्या यह फैसला सैन्य तैयारी से जुड़ा है?**

जर्मनी सरकार इस कदम को सैन्य मजबूती से जोड़कर देख रही है। सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में सेना की संख्या बढ़ाई जाए। फिलहाल जर्मनी की सेना में करीब 1.84 लाख सैनिक हैं, जिसे बढ़ाकर 2035 तक 2.55 से 2.70 लाख तक करने की योजना है। ऐसे में संभावित सैनिकों का रिकॉर्ड रखना जरूरी माना जा रहा है।

नई नीति के तहत 2008 या उसके बाद जन्मे युवाओं को सेना में रुचि से जुड़ा एक फॉर्म भरना होगा। यह पुरुषों के लिए अनिवार्य है, जबकि महिलाएं स्वेच्छा से इसमें भाग ले सकती हैं। सरकार का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की सैन्य जरूरतों के लिए तैयार रखना है। विशेषज्ञों का मानना है कि यूरोप में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच जर्मनी अपनी सुरक्षा नीति को मजबूत कर रहा है। कुछ विश्लेषकों ने यह भी कहा है कि जर्मनी नाटो में एक अहम भूमिका निभाता है, इसलिए उसे अपनी रक्षा क्षमता बढ़ाने की जरूरत है।

### क्या अब हर पुरुष को विदेश जाने के लिए अनुमति लेनी होगी?

नई व्यवस्था के तहत 17 से 45 साल के पुरुषों को लंबी अवधि के लिए विदेश जाने से पहले सैन्य प्राधिकरण से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। यह अनुमति बुंडेसवेहर के करियर सेंटर से मिलेगी। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि जरूरत पड़ने पर सेना के लिए योग्य लोगों की जानकारी और उपलब्धता बनी रहे।

05 April -26 page 8 04-04-2026 10:17 PM Page 1









# लोनी के प्रदूषण को लेकर विधायक के कड़े बोल

## 'प्रदूषण जिहाद' वाले बयान को लेकर विपक्ष पर साधा निशाना



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के लोनी क्षेत्र से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने प्रदूषण के मुद्दे को लेकर विवादित बयान दिया है, जिसके बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए ह्यप्रदूषण जिहादद्ध जैसे शब्द का इस्तेमाल किया और क्षेत्र में तार जलाकर फैलाए जा रहे प्रदूषण को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया जताई।

दरअसल, विधायक उत्तरांचल विहार कॉलोनी के दौरे पर पहुंचे थे, जहां स्थानीय लोगों ने तार जलाने से फैल रहे धुएं और प्रदूषण की समस्या उठाई। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए गुर्जर ने कथित तौर पर इस काम में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

### किसी भी जिहादी तत्व को पनपने नहीं देंगे

नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी में किसी भी तरह के अवैध और हानिकारक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग तार जलाकर प्रदूषण फैला रहे हैं, जिससे लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही और चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसा करने से पहले लोग कई बार सोचेंगे।

विधायक ने कहा कि अगर दोषियों को कानून का डर नहीं है, तो वे खुद सख्ती से निपटेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदूषण फैलाने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उनके इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे बहस और तेज हो गई है।

### दिल्ली-सहारनपुर हाईवे का भी किया निरीक्षण

अपने दौरे के दौरान विधायक ने दिल्ली-सहारनपुर हाईवे का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों के साथ मिलकर सड़क की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। साथ ही, जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नाला निर्माण के टेंडर जारी होने की जानकारी भी दी।
विधायक ने कहा कि यह मार्ग लोनी क्षेत्र की जीवन रेखा है और इसके निर्माण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शहीद कमल जैन की पुण्यतिथि पर लोहा मंडी में सेवा कार्यों का आयोजन

## नि:शुल्क आंख, दांत चिकित्सा शिविर, रक्तदान और विशाल भंडारा आयोजित






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोहा मंडी स्थित गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में संस्था कार्यालय 108 लोहा मंडी पर स्वर्गीय कमल जैन की पुण्यतिथि के अवसर पर नि:शुल्क दंत एवं नेत्र जांच शिविर, रक्तदान शिविर और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीसीपी सिटी धवल जायसवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन, महामंत्री अंबरीश जैन और कोषाध्यक्ष सतीश बंसल ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही आईटीएस डेंटल कॉलेज और वरदान सेवा संस्थान से आए चिकित्सकों का भी सम्मान किया गया।
नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें विशेष बस में लगी दो डेंटल चेयर के माध्यम से करीब 150 से अधिक मरीजों की जांच, सफाई और उपचार किया गया। जांच के दौरान तंबाकू एवं गुटखा सेवन से दांत खराब होने के कई मामले सामने आए, जिनमें मरीजों को उपचार के साथ इनसे बचने की सलाह दी गई।
डेंटल टीम में डॉ. रितु गुप्ता, डॉ. आकृति धीर, डॉ. तरजील, डॉ. ऋषभ, डॉ. प्रशांत, डॉ. आस्था, डॉ. प्राची, डॉ. प्रियांशी, डॉ. विपिन और सोहन पाल सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। नेत्र जांच शिविर मेरठ रोड स्थित वरदान सेवा संस्थान के सहयोग से लगाया गया, जिसमें 100 से अधिक मरीजों की जांच की गई। 90 मरीजों को आंखों में डालने वाली दवाएं वितरित की गईं और आगे के उपचार के लिए परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में पांच लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान भी किया। वहीं विशाल भंडारे में लगभग 1000 मजदूरों और स्थानीय निवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर थाना कवि नगर प्रभारी अनुराग शर्मा, लोहा मंडी चौकी प्रभारी विकास बालियान तथा बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र चौकी प्रभारी प्रेम सिंह उपस्थित रहे, जिनका सम्मान किया गया।

# गांधीनगर मंडल में प्रशिक्षण महाअभियान, सांसद अतुल गर्ग ने रखा वैचारिक अधिष्ठान पर जोर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद महानगर के गांधीनगर मंडल में भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत 'वैचारिक अधिष्ठान' विषय पर आयोजित सत्र में सांसद अतुल गर्ग ने कार्यकर्ताओं के बीच अपने विचार साझा किए।

सांसद अतुल गर्ग ने अपने संबोधन में संगठन की विचारधारा को मजबूत आधार बताते हुए कहा कि वैचारिक स्पष्टता ही कार्यकर्ता की सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों और सिद्धांतों को आत्मसात कर उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जहां प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाने और आगामी अभियानों के लिए तैयार करने पर विशेष बल दिया गया।

# गाजियाबाद में भाजपा प्रशिक्षण अभियान संपन्न, मयंक गोयल और संजीव शर्मा का मार्गदर्शन रहा केंद्र में

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 के तहत चार मंडलों में दो दिवसीय शिविर आयोजित

- कार्यकर्ताओं को पार्टी की कार्य पद्धति, संगठन विस्तार, स्थापना से लेकर अब तक के संघर्ष और उपलब्धियों पर विस्तार से दिया प्रशिक्षण






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत गाजियाबाद महानगर में चार मंडलों में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविरों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने किया, जहां संगठनात्मक मजबूती और कार्यशैली पर विशेष फोकस रहा। शिविरों में कार्यकर्ताओं को पार्टी की कार्य पद्धति, संगठन विस्तार, स्थापना से लेकर अब तक के संघर्ष और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। दो दिनों तक चले इन शिविरों में सात सत्र आयोजित हुए, जिनमें विभिन्न वक्ताओं ने मार्गदर्शन किया।

### मयंक गोयल ने बताया प्रशिक्षण का महत्व


करंट क्राइम। गाजियाबाद शहर मंडल में मंडल अध्यक्ष महिमा गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित शिविर का शुभारंभ महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यशैली और प्रशिक्षण के महत्व को समझाते हुए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

### संजीव शर्मा ने कार्यकर्ताओं को किया प्रेरित

गांधीनगर मंडल में मंडल अध्यक्ष वरुण नागर के नेतृत्व में आयोजित शिविर का उद्घाटन शहर विधायक संजीव शर्मा ने किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन के सिद्धांतों और जिम्मेदारियों को समझते हुए सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। वसुंधरा मंडल में मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी के नेतृत्व में प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। वहीं मुरादनगर शहर मंडल में आयोजित शिविर में सांसद अतुल गर्ग ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की विचारधारा और आगामी अभियानों के लिए तैयार रहने पर जोर दिया। इन प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से सुदृढ़ करते हुए भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार किया गया, जिसमें मयंक गोयल और संजीव शर्मा का मार्गदर्शन विशेष रूप से केंद्र में रहा।

# महर्षि कश्यप महाकुंभ की तैयारी तेज, विधायक संजीव शर्मा व मंत्री नरेंद्र कश्यप की अहम बैठक

## डेढ़ सौ पदाधिकारियों को सौंपी गई अलग-अलग जिम्मेदारियां



**गाजियाबाद करंट क्राइम :** महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले भव्य महर्षि कश्यप महाकुंभ और निषाद सभा की तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं। इसको लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप और शहर विधायक संजीव शर्मा के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के करीब 150 से अधिक पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्हें कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। आयोजन स्थल घंटाघर स्थित रामलीला मैदान में व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

बताया गया कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसे देखते हुए तैयारियों को विशेष रूप से व्यवस्थित और भव्य बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

बैठक में पार्किंग व्यवस्था, अतिथियों के स्वागत, भजन कार्यक्रम, मंच संचालन और मंच पर उपस्थित रहने वाले प्रमुख लोगों के नामों को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही सर्व समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष रणनीति बनाई गई है, ताकि कार्यक्रम सामाजिक समरसता का संदेश दे सके।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यह आयोजन केवल एक जयंती समारोह नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, समरसता और भाईचारे का संदेश देने का मंच है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम वर्षों पहले एक छोटे स्तर से शुरू हुआ था, जो आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बड़े आयोजनों में शुमार हो चुका है। आयोजन में प्रदेश के कई जिलों से बड़ी संख्या में लोगों और जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है, जिससे यह महाकुंभ और भी भव्य रूप लेगा।

# पिलखुवा में आधार केंद्र का निरीक्षण

## चेयरमैन विभू बंसल ने जानी जनता की समस्या



**पिलखुवा, करंट क्राइम।** नगर पालिका परिषद पिलखुवा में संचालित आधार कार्ड केंद्र का निरीक्षण करते हुए चेयरमैन विभू बंसल ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर मौजूद कर्मचारियों से आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि आधार कार्ड बनवाने के लिए आने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। चेयरमैन ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कार्य में पारदर्शिता और गति बनाए रखें, ताकि लोगों को समय पर सुविधा मिल सके।

### आमजन को बेहतर सुविधा देना प्राथमिकता : विभू बंसल

करंट क्राइम। चेयरमैन विभू बंसल ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य है कि हर नागरिक को सरकारी सेवाएं आसानी और सम्मान के साथ मिलें। आधार कार्ड जैसी आवश्यक सेवा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान आधार कार्ड बनवाने पहुंचे नगरवासियों ने चेयरमैन विभू बंसल का आभार जताया और व्यवस्थाओं को लेकर संतोष व्यक्त किया।

# वसुंधरा में सड़क किनारे लगे गंदगी के ढेर



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा जोन और उसके आसपास के इलाकों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। आलम यह है कि गलियों और मुख्य सड़कों पर कूड़े के ढेर लगने लगे हैं, जिससे स्थानीय निवासियों का जीना दूभर हो गया है। हैरानी की बात यह है कि टेंडर प्रक्रिया में बदलाव के बाद से इलाके में कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां (डोर-टू-डोर कलेक्शन) आनी बंद हो गई हैं। पूर्व पार्षद अरविंद चौधरी 'चिंटू' ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सफाई जैसी बुनियादी सुविधा में इस तरह की लापरवाही न केवल निंदनीय है, बल्कि जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी है।

टेंडर बदलना प्रशासन की आंतरिक प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन इसकी कीमत जनता को गंदगी के बीच रहकर क्यों चुकानी पड़ रही है। साफ-सफाई में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


अरविन्द चौधरी

अरविंद चौधरी 'चिंटू' निगम से त्वरित कार्रवाई की मांग। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से गाड़ियां न आने के कारण घरों में कूड़ा सड़ रहा है। पूर्व पार्षद अरविंद चौधरी ने नगर निगम के उच्चाधिकारियों से अपील की है कि इस मामले में तुरंत संज्ञान लिया जाए और बिना किसी देरी के कूड़ा उठाने की नियमित व्यवस्था बहाल की जाए। यदि जल्द ही समाधान नहीं निकला, तो क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# वसुंधरा मंडल के प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन सात सत्रों में हुआ मंथन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा वसुंधरा मंडल के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। शिविर में पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा और भविष्य की कार्ययोजनाओं पर गहन चर्चा की गई। प्रशिक्षण के पहले दिन कुल सात सत्र (वर्ग) आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी के दिग्गजों ने कार्यकताओं को जीत का मंत्र दिया। प्रशिक्षण वर्ग के मुख्य वक्ता योगेश त्रिपाठी ने भाजपा की 'कार्य विस्तार योजना' पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार परिवार है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने विस्तारक योजना की बारीकियों को समझाया और बताया कि कैसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पार्टी की पहुँच बढ़ानी है।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित पूर्व मेयर आशु वर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से ही कार्यकर्ता के व्यक्तित्व का निर्माण होता है और वह जनता की समस्याओं को बेहतर ढंग से उठाने में सक्षम बनता है। वहीं, योगेश त्रिपाठी ने सांगठनिक ढांचे की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आगामी चुनौतियों के लिए हर कार्यकर्ता को वैचारिक रूप से सुदृढ़ होना आवश्यक है। नए और पुराने कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा और कार्यप्रणाली से अवगत कराना। सात सत्रों के आयोजन में पहले दिन सात अलग-अलग विषयों पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। वसुंधरा मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्षदों में नीलम भारद्वाज, शिल्पा चौधरी, प्रतिमा शर्मा, गौरव सोलंकी, राजकुमार भाटी, नरेश भाटी, सतेंद्र चौधरी, राजीव शर्मा, अजय त्यागी, अमरेश चौधरी, धर्मेंद्र ठाकुर, मंजू त्यागी, आशा भाटी, धर्मेंद्र ठाकुर, अमृता सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नन्दग्राम आवासीय योजना: लॉटरी प्रणाली से आवंटन

## 66.54 करोड़ रुपये की अनुमानित आय से विकास को नई दिशा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ग्राम नूरनगर स्थित नन्दग्राम आवासीय योजना के अंतर्गत विकसित भूखण्डों से प्राप्त होने वाली आय का विस्तृत विवरण जारी किया गया है। इस योजना के अंतर्गत खसरा संख्या 96 एवं 97 में कुल 77 भूखण्ड विकसित किए गए हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 7520.85 वर्ग मीटर निर्धारित किया गया है ।प्राधिकरण द्वारा निर्धारित 79,000 रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर के आधार पर इन भूखण्डों से कुल 59,41,47,150 रुपए की आय आंकी गई है। इसके अतिरिक्त, 10% लीज किराया के रूप में 5,94,14,715 रुपए तथा 2% फ्री-होल्ड शुल्क के रूप में 1,18,82,943 रुपए की आय प्राप्त होगी। इस प्रकार, योजना से कुल अनुमानित आय 66,54,44,808 रुपए निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि योजना के अंतर्गत सभी 77 भूखण्डों का आवंटन पूर्ण पारदर्शिता के साथ लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया गया है, जिससे पात्र आवेदकों को निष्पक्ष एवं समान अवसर प्रदान किया जा सके। प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, नन्दग्राम आवासीय योजना केवल राजस्व सृजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र में आवासीय सुविधाओं के विस्तार, आधुनिक आधारभूत संरचना के विकास एवं नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से सुव्यवस्थित एवं नियोजित आवासीय कॉलोनियों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे भविष्य में बढ़ती जनसंख्या के दबाव को संतुलित करने में सहायता मिलेगी।

परियोजना से प्राप्त राजस्व का उपयोग विभिन्न विकासात्मक कार्यों जैसे सड़क निर्माण, जल आपूर्ति, सीवर व्यवस्था, हरित क्षेत्र विकास एवं अन्य नागरिक सुविधाओं के विस्तार में किया जाएगा। यह प्रयास प्राधिकरण की दीर्घकालिक विकास योजनाओं को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगा। प्राधिकरण द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि योजना से संबंधित सभी प्रक्रियाएं पूर्ण पारदर्शिता एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप संपादित की जा रही हैं, जिससे आमजन का विश्वास बना रहे। भविष्य में भी इसी प्रकार की योजनाओं के माध्यम से क्षेत्रीय विकास को निरंतर गति प्रदान की जाएगी। नन्दग्राम आवासीय योजना न केवल क्षेत्रीय विकास को गति देगी, बल्कि प्राधिकरण के राजस्व में भी महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित करेगी।